RNI. MPHIN/2016/68439

“नितांत अव्यावहारिक होना नितांत ईमानदारी और अक़्लमंदी का लक्षण है।”
विजय देव नारायण साही

# दैनिक मेल पॉवर



पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-102 | भोपाल, मंगलवार 9 सितम्बर 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

## न्यूज, ब्रीफ

### राहुल गांधी को निगरानी अर्जी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए कोर्ट ने

सुलतानपुर। वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर दंगा पीड़ित मुस्लिम युवकों को आईएसआई से जोड़ने वाले कथित बयान को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल निगरानी अर्जी की सुनवाई सोमवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता ने दाखिल अर्जी की प्रति उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया। अदालत ने इस पर आदेश देते हुए उन्हें अर्जी की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और अगली सुनवाई के लिए 16 सितंबर की तारीख तय की। गौरतलब है कि कोतवाली नगर निवासी मोहम्मद अनवर ने मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा परिवाद खारिज किए जाने के आदेश को चुनौती देते हुए जिला जज की अदालत में निगरानी अर्जी दाखिल की थी।

### मस्तिष्क ज्वर से एक और मौत, अगस्त से अब तक पांच की गई जान

तिरुवनंतपुरम। केरल में दुर्लभ और घातक बीमारी अमीबिक मेनिंगो एन्सेफलाइटिस का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को मलप्पुरम जिले की 54 वर्षीय महिला ने कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसी के साथ अगस्त से अब तक इस संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, महिला को कुछ दिन पहले तेज सिरदर्द, बुखार और न्यूरोलॉजिकल लक्षणों के कारण भर्ती कराया गया था। हालांकि तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इससे पहले शनिवार को वायनाड जिले के सुल्तान बथेरी के रहने वाले 45 वर्षीय व्यक्ति की इसी संक्रमण से मौत हो चुकी है। अगस्त माह में ही तीन और लोगों की जान जा चुकी थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अब तक राज्य में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस के कुल 42 मामले दर्ज किए गए हैं। फिलहाल कोझिकोड मेडिकल कॉलेज सहित अन्य अस्पतालों में कई मरीज इस संक्रमण के लक्षणों के साथ भर्ती हैं।

### बिहार में दिवाली-छठ पर चलेंगी 12 हजार स्पेशल ट्रेनें, लोगों को मिलेगी सुविधा

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने दिवाली और छठ पर्व पर बिहार के लिए 12000 से ज्यादा विशेष ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। उन्होंने एक्स लिखा कि इस साल विशेष ट्रेन की कुल संख्या 12739 होगी, जबकि 2024 में यह संख्या 7500 से ज्यादा थी। उन्होंने कहा कि इनमें से 8591 ट्रेन की अधिसूचना पहले ही जारी हो चुकी है। चौधरी ने इस फैसले को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह बिहार के उन लाखों लोगों को सुविधा पहुंचाने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो त्योहारों के दौरान अपने घर लौटना चाहते हैं। उन्होंने पीएम मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बिहार के प्रति इस विशेष स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के सक्षम नेतृत्व की तारीफ भी की।

## पीएम मोदी के मणिपुर दौरे से पहले, बैठक और हुई मुलाकातें, मतलब हटेगा राष्ट्रपति शासन?

**इंफाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 सितंबर को मणिपुर के दौरे पर जा रहे हैं। इससे पहले यहां जिस तरह की राजनैतिक हलचल बढ़ी है उससे कयास लगाए जाने लगे हैं कि मणिपुर में बीते 7 माह से लगा राष्ट्रपति शासन जल्द हटाए जाने की उम्मीद है। ऐसे कयासों की वजह ये है कि पीएम के दौरे से पहले राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने राजभवन में पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह सहित 20 भाजपा विधायकों से मुलाकात की। 40 मिनट तक चले इस बैठक में मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल, डीजीपी राजीव सिंह और सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह जैसे वरिष्ठ नौकरशाह भी मौजूद थे। इससे पहले भी राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह से मुलाकात की थी। राज्यपाल भल्ला की एक हफ्ते पहले 14 भाजपा विधायकों के साथ सिक्रेट मुलाकात ने पीएम के दौरे से पहले राज्य में राजनीतिक स्थिरता की संभावनाओं को बढ़ा



दिया है। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुए मेइतेई-कुकी जातीय हिंसा के बाद से स्थिति तनावपूर्ण है। इस जातीय हिंसा में अब 260 से अधिक लोग मारे जाने की संभावना जताई जा रही है। साथ ही इस हिंसा ने हजारों परिवारों को विस्थापित कर टेंटों में जिंदगी गुजारने पर मजबूर कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले और राज्यपाल की सक्रियता से कुछ विधायकों ने नई सरकार के गठन की संभावना पर चर्चा की। हालांकि, उन्होंने विधायकों की राज्यपाल से बैठक की गोपनियता को कायम रखा।

### भाजपा की राज्य इकाई को पार्टी नेतृत्व से सूचना मिली

पीएम मोदी 13 सितंबर को मणिपुर का दौरा करेंगे। एक भाजपा विधायक ने बताया कि पीएम मिजोरम से मणिपुर पहुंचेंगे और सबसे पहले चुराचांदपुर जाएंगे, जहां वे जातीय हिंसा से विस्थापित लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद इंफाल में कांगला किले में करीब 15,000 लोगों की सभा को संबोधित करेंगे। पीएम का यह दौरा मणिपुर में मई 2023 के बाद पहला होगा। इसे हिंसा प्रभावित राज्य में शांति और विश्वास बहाली की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, पीएम मणिपुर पुलिस मुख्यालय और सिविल सचिवालय जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचों का उद्घाटन भी कर सकते हैं। मणिपुर में 9 फरवरी को एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू है।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

## अब आधार कार्ड होगा 12वां दस्तावेज, बिहार के लाखों मतदाताओं को राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार के मतदाताओं को बड़ी राहत देते हुए आदेश दिया कि आधार कार्ड को चुनाव प्रक्रिया में 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि इससे उन लाखों लोगों को फायदा मिलेगा, जो पुराने दस्तावेज न होने की वजह से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में दिक्कत झेल रहे थे। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि वह अपने अधिकारियों को निर्देश जारी करे कि आधार कार्ड को वैध दस्तावेज मानकर स्वीकार किया जाए।

### क्या है मामला?

बिहार में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान चुनाव आयोग ने नागरिकता साबित करने के लिए 11 दस्तावेजों की सूची जारी की थी। इनमें राशन कार्ड, पासपोर्ट, जन्म प्रमाणपत्र आदि शामिल थे। लेकिन बड़ी संख्या में लोग ऐसे थे जिनके पास ये पुराने दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। इसके चलते कई लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़ नहीं पा रहे थे।

### आधार को मिली जगह

अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में सूची में शामिल कर लिया गया है। इससे बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को राहत मिलेगी जो सिर्फ आधार कार्ड के आधार पर अपनी पहचान और निवास का सबूत पेश करना चाहते थे।

### माता-पिता, गुरुजनों के योगदान के प्रति हमेशा रहें कृतज्ञ : राज्यपाल पटेल

## विश्वविद्यालयों में कृषि संकाय, रोजगारपरक कोर्स संचालन के लिए हो रही है विशेष पहल – मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### राज्यपाल श्री पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर दीक्षांत समारोह का किया शुभारंभ





**भोपाल।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विद्यार्थी अपने माता-पिता और गुरूजनों के योगदान के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहें। सफलता के बाद भी उनका हमेशा सम्मान करें। दीक्षांत शपथ का प्रतिदिन मनन करें और जीवन भर उसका अनुसरण भी करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नए, डिजिटल और ₹विकसित भारत₹ के सपने को साकार करने में विश्वविद्यालयों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। दीक्षांत, वह अवसर है जब शैक्षणिक यात्रा की पूर्णता के साथ, समाज और राष्ट्र की सेवा यात्रा का शुभारंभ होता है। यह केवल डिग्री प्राप्त करने का उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के वर्षों की मेहनत, अनुशासन और गुरुजनों के सफल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर समारोह का शुभारंभ किया।

### नए मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में विश्वविद्यालयों की बड़ी भूमिका

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के माध्यम से आज 54 हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्नातक, 23 हजार विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर, 190 विद्यार्थियों को पीएचडी, 21 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, इस प्रकार कुल 78 हजार विद्यार्थियों के सपने साकार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्राइवेट कॉलेज और शासकीय विश्वविद्यालयों को मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने के लिए सरकार पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है।

### विद्यार्थी अपनी ऊर्जा राष्ट्र और समाज के कल्याण में लगाएं

कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार जैन ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि आप कही भी जाएं अपने विश्वविद्यालय और अपने शहर को कभी न भूलें। हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलें और स्वाध्याय करें। दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डी.लिट, पीएचडी और स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की गई। इस दौरान विभिन्न संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, आयुक्त श्री प्रबल सिपाहा, कुल सचिव श्री अनिल शर्मा, कार्यपरिषद के सदस्य, विभिन्न संकायों के अध्यक्ष, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहें।

## आपदाग्रस्त उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब के लिए यूपी सरकार ने भेजे राहत सामग्री से लदे 48 ट्रक



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेतहाशा बारिश और बाढ़जनित आपदाओं से प्रभावित हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए पांच-पांच करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध करायी और इन राज्यों के साथ-साथ पंजाब के लिए भी राहत सामग्री से लदे कुल 48 ट्रकों को सोमवार को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में आयोजित कार्यक्रम में आपदाग्रस्त पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए राहत सामग्री से लदे 48 ट्रक रवाना करने के अवसर पर कहा कि अगर कहीं आपदा आएगी, संकट आएगा तो उसके लिए हम भी उनके (पीड़ित लोगों) साथ खड़े हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी पैमाने पर बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार यहां नागरिकों की ओर से दोनों राज्यों को पांच-पांच करोड़ रुपये की सहायता अतिरिक्त उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मंत्री कुंवर बृजेश सिंह सहायता राशि और सामग्री को लेकर उत्तराखंड जाएंगे और मंत्री जसवंत सैनी हिमाचल प्रदेश जाएंगे। वहीं, सहारनपुर नगर के विधायक राजीव गोम्बर राहत सामग्री लेकर पंजाब जाएंगे। सीएम ने कहा कि जब सब मिलकर सामना करते हैं तो संकट, संकट नहीं रह जाता... और आज यही कार्य हम लोग यहां पर कर रहे हैं।

## दिल्ली में बच्चा चोरी गैंग का भंडाफोड़, 12 गिरफ्तार, 6 मासूम बरामद



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बच्चों की तस्करी करने वाले संगठित गिरोह का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 6 मासूम बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस इस मामले में विस्तृत जानकारी देने की तैयारी में है। पुलिस के शुरूआती इनपुट के अनुसार यह गिरोह बेहद संगठित और अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय है। इसका नेटवर्क दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश तक फैला हुआ है। गिरोह में महिलाओं और पुरुषों दोनों की अहम भूमिका पाई गई है। जांच में सामने आया है कि गैंग के अलग-अलग सदस्य अलग-अलग जिम्मेदारियां निभाते थे। कुछ सदस्य, खासतौर पर महिलाएं, भीड़-भाड़ वाले इलाकों, रेलवे स्टेशनों और अस्पतालों से बच्चों को चुराने का काम करती थीं।

### 2-3 लाख में बिकते थे मासूम

सूत्रों के मुताबिक, चुराए गए बच्चों को 2 से 3 लाख रुपये में निःसंतान दंपतियों या अन्य जरूरतमंदों को बेचा जाता था। कई बार इस धंधे में बिचौलिए भी शामिल होते थे, जो ग्राहकों तक बच्चों को पहुंचाने का काम करते थे।

### बार-बार सामने आते रहे हैं मामले

दिल्ली और आसपास के इलाकों में बच्चा चोरी के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि संगठित गिरोहों की पकड़ इतनी मजबूत है कि इनके नेटवर्क तक पहुंचना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस गैंग का नेटवर्क कितना बड़ा है और अब तक कितने बच्चों को इसकी भेंट चढ़ाया जा चुका है।

### राहुल गांधी की मलेशिया यात्रा पर सियासी घमासान

## बीजेपी बोली- सार्वजनिक जीवन में छुट्टी नहीं होती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इन दिनों मलेशिया में छुट्टियां मना रहे हैं, जिसे लेकर सियासत गरमा गई है। राहुल गांधी की लंगकावी और अन्य पर्यटन स्थलों से तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कभी स्कूटर की सवारी करते, तो कभी समुद्र किनारे नजर आते राहुल गांधी को लेकर बीजेपी ने उन पर जमकर निशाना साधा



है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा, राहुल गांधी कर्नाटक में होते तो बेहतर होता।

### कांग्रेस की चुप्पी

कांग्रेस की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी ने बिहार में अपनी वोटर अधिकार यात्रा पूरी करने के बाद निजी समय के लिए विदेश का रुख किया है।

### सोशल मीडिया पर चर्चा

राहुल गांधी की छुट्टियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। समर्थक जहां उनके निजी जीवन में हस्तक्षेप न करने की बात कह रहे हैं, वहीं विरोधी उनकी विदेश यात्राओं को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

## कांग्रेस के एसएमएस बैन के दावे का ट्राई ने किया खंडन

### कहा-कोई आवेदन नहीं मिला

- मणिकम ने फैसले को हास्यास्पद बताया, कहा- ट्राई बीजेपी का आईटी सेल बन गया



**मुंबई।** कांग्रेस के आरोप पर कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने महाराष्ट्र में उसके कार्यकताओं को एसएमएस भेजने के उसके आवेदन को खारिज कर दिया है, दूरसंचार नियामक ने कहा है कि उसे ऐसा कोई आवेदन नहीं मिला है। ट्राई ने कहा कि उसने व्यक्तिगत एसएमएस टेम्प्लेट को मंजूरी नहीं दी थी। ट्राई ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि ऐसा लगता है कि आवेदन किसी एक सेवा प्रदाता को भेजा गया था जिसने उसे अस्वीकार कर दिया। ट्राई इस प्रक्रिया में शामिल नहीं था। वास्तव में ट्राई व्यक्तिगत संदेश टेम्प्लेट के अनुमोदन से संबंधित नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को कांग्रेस डेटा एनालिटिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने कहा कि ट्राई द्वारा कांग्रेस को संदेश भेजने से इनकार करना गृह मंत्रालय, चुनाव आयोग और दूरसंचार नियामक के बीच सूचनाओं को दबाने के लिए पूर्ण समन्वय को दशार्ता है।

## सपा शासनकाल की भर्तियों पर योगी का वार

### बोले- धांधली की वजह से कई मामले सीबीआई को सौंपे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा शासनकाल के दौरान हुई कई सरकारी भर्तियों में भारी गड़बड़ियां सामने आई थीं, जिसके चलते उनकी सरकार को इन मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपनी पड़ी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बातें उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1112 कनिष्ठ सहायक और 22 एक्स-रे तकनीशियन को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा, कि सपा सरकार के समय किस प्रकार की भर्तियां होती थीं, यह सबको पता है। बहुत सारी भर्तियों की जांच हमें सीबीआई को देनी पड़ी थी। योगी ने स्वास्थ्य विभाग में 2016 की एक भर्ती का जिक्र करते हुए बताया कि एक ही व्यक्ति के नियुक्ति पत्र पर छह अलग-अलग जिलों में अलग-अलग लोगों ने नौकरी कर ली थी। उन्होंने कहा, कि आपने देखा होगा कि एक व्यक्ति आठ-आठ जगह पर नाम लिखाकर पैसा ले रहा था।

## राहुल गांधी के विवादित बयान के बाद पुलिस ने भेजा आरजीएफ को नोटिस

### विदेशों से मिले फंड और वित्तीय लेनदेन के रिकॉर्ड की मांगी जानकारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के विवादित बयान से राजीव गांधी फाउंडेशन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ओडिशा की झारसुगुडा पुलिस ने आरजीएफ को नोटिस जारी कर विदेशों से मिले फंड और वित्तीय लेनदेन के रिकॉर्ड की जानकारी मांगी है। यह मामला राहुल गांधी के एक कथित देश-विरोधी टिप्पणी से जुड़ा है, जिस पर इस साल जनवरी में ही उनके खिलाफ ओडिशा में मामला दर्ज किया गया था। राहुल गांधी ने कथित तौर पर आरएसएस-बीजेपी की आलोचना करते हुए भारत के खिलाफ ही लड़ने की बात कह दी थी। मीडिया रिपोर्ट में ओडिशा के स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि राजीव गांधी फाउंडेशन (आरजीएफ) को नोटिस जारी किया गया है। इसमें आरजीएफ के वित्त निदेशक संदीप आनंद को 4 नवंबर को पेश होने को कहा है। 3 सितंबर को झारसुगुडा के सब-डिविजनल पुलिस ऑफिसर और इस मामले के जांच अधिकारी ने संदीप आनंद से फाउंडेशन को जून,1991 से प्राप्त विदेशी फंड का सालाना ब्रेकअप देने को कहा है। इसमें फाउंडेशन से उन बैंक खातों की भी विस्तृत जानकारी देने को कहा है, जिसमें विदेश फंड



जमा किए गए हैं। यही नहीं आरजीएफ को बैंक खातों और मिलने वाले विदेशी फंड और बैंक खातों के अलावा ऑडिटरों के नाम, एफसीआरए लाइसेंस और 2011 में कथित तौर पर जाकिर नाइक और 2005-06 में चीन सरकार से मिले कथित डोनेशन पर भी स्पष्टीकरण देने को कहा है। नोटिस में कहा गया है कि राहुल गांधी पर आरोप है कि आरजीएफ को 2011 में जाकिर नाइक से डोनेशन मिले। अगर आरोप सही है तो उद्देश्य और खर्च का विवरण समेत कारण बताएं। वहीं चीन सरकार से फाउंडेशन को मिले कथित दान के बारे में कहा गया है कि आरोप है कि राजीव गांधी फाउंडेशन ने 2005-06 में चीन सरकार से 3,00,000 डॉलर दान में मिले थे। यदि आरोप सही हैं, तो दान लेने का मकसद और खर्च का ब्यौरा देते हुए कारण स्पष्ट करें। यही नहीं इससे यूपीए सरकार में पीएम रिलीफ फंड से कथित फंड डायवर्ट करने के आरोपों पर भी जवाब मांगा गया है। नोटिस के मुताबिक आरोप है कि यूपीए सरकार के दौरान वित्त मंत्रालय, प्रधानमंत्री राहत कोष का फंड राजीव गांधी फाउंडेशन को डायवर्ट किया गया। इसका औचित्य बताएं। नोटिस में यह भी कहा गया है कि इसपर अमल नहीं होने पर आरजीएफ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। यह मामला इस साल 15 जनवरी को नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर राहुल गांधी की टिप्पणियों से जुड़ा है। अपने भाषण में राहुल गांधी ने कहा था कि बीजेपी और आरएसएस ने हमारे देश की प्रत्येक संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। हम अब बीजेपी, आरएसएस और खुद भारत देश से लड़ रहे हैं। राहुल के इस बयान के बाद बीजेपी, बीजेपी युवा मोर्चा, आरएसएस, बजरंग दल और बीजेपी लीगल सेल की ओर से झारसुगुडा में उनके खिलाफ यह शिकायत दर्ज कराई थी।

## चंद्रग्रहण में बनाई मछली, धार्मिक कट्टरपंथियों ने घर पर कर दिया हमला

### महिलाओं के फाड़े कपड़े, पुरुषों को जमकर पीटा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के लिंगराज थाना क्षेत्र के नागेश्वर टांगी इलाके में चंद्रग्रहण के दिन मांसाहारी भोजन करने पर एक परिवार को भारी कीमत चुकानी पड़ी। करीब युवकों की भीड़ ने घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया, कपड़े फाड़े और बुरी तरह पीटा। पीड़ित परिवार का कहना है कि वे अपने घर में खाना बनाकर खा रहे थे, लेकिन उन्हें हेतुवादी या तर्कवादी कहकर निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक परिवार का कहना है कि उन्होंने चंद्रग्रहण को वैज्ञानिक और तार्किक नजरिए से देखा और रोज की तरह चिकन बिरयानी और मछली पका रहे थे। लेकिन इस बात से कुछ हिंदू धार्मिक कट्टरपंथी नाराज हो गए। कट्टरपंथियों का आरोप था कि परिवार हेतुवादी या तर्कवादी है यानी वे लोग जो धर्म और भगवान में विश्वास नहीं रखते। हमला करने वाले युवकों ने धार्मिक नारे भी लगाए और परिवार के सदस्यों से घसीट घसीट कर बुरा तरह पीटा। बताया गया कि भीड़ ने जबरन दरवाजा तोड़ दिया, खिड़कियों के शीशे चकनाचूर कर दिए और घर के अंदर घुसकर हमला किया। महिलाओं के कपड़े फाड़कर उनकी बेइज्जती की, पुरुषों को डंडों और लाठियों से पीटा। आस-पास के लोग डर से कुछ नहीं कर पाए। इस पूरी घटना से इलाके में दहशत फैल गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने की कोशिश की।

# श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के द्वितीय दिवस भगवान के 24 अवतारों का वर्णन

## कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बताती है

दैनिक भेल पॉवर

**दमोह** । कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन - शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्ना रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं। शंकर जी ने कहा हमने अमर कथा सुन रखी है पार्वती जी ने कहा मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे। शिव-पार्वती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ



कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई वह पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी और अमर हो गए शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े। सुखदेव जी भागते भागते व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में प्रविष्ट हो गए। 12 वर्ष बाद श्री सुखदेव जी गर्व से बाहर आए इस तरह श्री सुखदेव जी का जन्म हुआ। कथा व्यास किशोरी जी ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। कथा व्यास जी ने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्यों कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। साथ ही श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है यह अर्थ, धर्म, काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करके जीव को परम पद प्राप्त कराता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नही साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाये हुये है। उन्होंने कहा कि कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मो से बढ़कर है। कथा सुनकर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा के मध्य में मेरी लगी श्याम संग प्रीत और मां की ममता के महत्व का भजन सुनकर भक्त आत्मसात हो गये। इस कथा का लाइव प्रसारण किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के यूट्यूब चैनल एवं सोशल मीडिया पर भी किया जा रहा है। मुख्य यजमान श्रीमति गौरा बाई गोविंद प्रसाद सोनी ,हरिओम सोनी गणेशपुरम इमलाई फैक्टरी हटा नाका के पास में एवं समस्त सोनी परिवार ने कथा श्रवण करने की अपील की है।

# श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय में "वन वीक अटल प्रोग्राम" का शुभारंभ

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर**। श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट में सोमवार से 6 दिवसीय वन वीक अटल प्रोग्राम का आयोजन शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व डायरेक्टर मध्य प्रदेश टूरिज्म डॉ. एके सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस एफडीपी का मुख्य शीर्षक होटल और कैटरिंग में तकनीकी उन्नयन और आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र के लिए मजबूत नींव रखना है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. शाहब अहमद ने बताया कि यह आयोजन 8 से 13 सितंबर तक चलेगा, जिसमें देश के कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के प्रोफेसर और शिक्षक हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता प्रोफेसर विवेक शर्मा ने इस विषय के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। **शिक्षकों को सशक्त बनाने का लक्ष्य-** कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होटल मैनेजमेंट और




टूरिज्म सेक्टर में शिक्षकों को नवीनतम तकनीकों की जानकारी और प्रशिक्षण देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है। एआईसीटीई अटल और श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय का यह संयुक्त प्रयास शिक्षण क्षेत्र में नवाचार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर, विभिन्न विभागों के प्राचार्य, शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# मछली परिवार का जाल आष्टा तकरू तालाबों पर कब्जा, असली मछुआरे वंचित

दैनिक भेल पॉवर



**सीहोर**। भोपाल में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के लिए कुख्यात मछली परिवार का जाल अब जिले के आष्टा तक पहुंच गया है। यहां तालाबों पर एक फर्जी समिति बनाकर मत्स्य पालन का ठेका लिया जा रहा था, जिससे कई सालों से मेहनत करने वाले असली मछुआरे अपने हक से वंचित रह गए। इस बड़े फजीर्वाड़े का खुलासा तब हुआ जब राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने खुद इस मामले की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि यह पूरा खेल अधिकारियों की मिलीभगत से लंबे समय से चल रहा था। सहकारिता विभाग की सूची में से 19 हिंदू मछुआरों के नाम जानबूझकर हटा दिए गए और एक फर्जी समिति को तालाबों का ठेका दे दिया गया। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए प्रियंक कानूनगो ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि इस फर्जी समिति को तत्काल भंग किया जाए और मछुआरों को उनका वंशानुगत अधिकार वापस दिलाया जाए। उन्होंने इस मामले को केवल एक व्यावसायिक मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का मामला बताया। मछुआरा समाज में गुस्सा, कार्रवाई की मांगइस खुलासे के बाद आष्टा के मछुआरा समाज और हिंदूवादी संगठनों में भारी गुस्सा है। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष आयोग के सदस्य से मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और अपने अधिकार वापस दिलाने की गुहार लगाई। उनका कहना है कि दशकों से वे इस काम को कर रहे हैंए लेकिन कुछ लोगों की वजह से उनका रोजगार छिन गया है। **एसडीएम ने दिया भरोसा-** मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम नितिन टाले ने मछुआरों को भरोसा दिलाया है कि अब तालाबों पर केवल उन्हीं मछुआरों को काम मिलेगा जो इसके असली हकदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस सिंडिकेट के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने भी अधिकारियों से इस मामले की जल्द से जल्द पूरी जांच रिपोर्ट और दोषियों पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की वार्षिक साधारण सभा 15 को

दैनिक भेल पॉवर

*सीहोर। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 15 सितम्बर को दोपहर 1 बजे बैंक के प्रधान कार्यालय में किया जाएगा। सभा की अध्यक्षता कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक बालागुरू के. करेंगे। प्रमुख मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि बैंक के प्रतिनिधियों/प्रशासकों को साधारण सभा में सम्मिलित होने हेतु सूचना पत्र भेजे गए हैं। सभा में वर्ष 2024-25 के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत कर अनुमोदन किया जाएगा तथा आगामी वर्ष हेतु बैंक का वार्षिक बजट एवं विभिन्न मदों में आय-व्यय के प्रावधानों को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। सभी अतिथियों के स्वागत, सत्कार की व्यवस्था भी की गई है। सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों एवं प्रशासकों से आग्रह किया गया है कि वे समय पर उपस्थित होकर सभा को सफल बनाएं।*

# कलेक्टर श्री कोचर की नई पहल "सुनवाई भी, सेवा भीयोजना से आमजन को 14 सेवाओं का मिलेगा लाभ

## रक्तदाता रक्तदान भी कर सकेगें

दैनिक भेल पॉवर

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि एक नई व्यवस्था लागू कर रहे है जिसका नाम है "सुनवाई भी, सेवा भी तो इस व्यवस्था के तहत हर मंगलवार जनसुनवाई स्थल पर 14 अलग-अलग काउंटर लगाने जा रहे हैं जिसमें लोगों को अलग-अलग तरह की सुविधा मिलेगी। विशेष पहल के रूप में 15वीं सुविधा रक्तदान शिविर होगी, जहाँ पर एयर कंडीशन वाहन में इच्छुक लोग रक्तदान कर सकेगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि वहाँ पर 14 अलग- अलग तरीके के काउंटर्स हैं जिसमें आवेदन लिखने की निशुल्क सुविधा, आयुष्मान कार्ड ?, 70 साल से अधिक के लोगों का आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड, किसानों की फार्मर आईडी, समग्र में सुधार, आधार में अपडेट और पशुओं से संबंधित वहाँ पर किसान बहुत बड़ी



संख्या में आते हैं तो कृषि और पशुपालन से संबंधित सेवाएं वहां पर लोगों को देने का काम करेंगे इस प्रकार अलग-अलग तरीके की सेवाएं जो आम जनता के लिए उपयोगी हैं यह सेवाएं मंगलवार को सुबह 11 बजे से लेकर के जन सुनवाई खत्म होने तक उपलब्ध रहेगी।

# आराध्या यादव का हुआ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

दैनिक भेल पॉवर

संत जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहगढ़ की छात्रा आराध्या यादव पिता श्री राकेश यादव मलखंभ प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित हुई विद्यालय के प्रबंधक फादर जॉर्ज बड़ेकल एवं प्राचार्य सिस्टर जोसीन ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की विद्यालय के खेलकूद शिक्षक गोपाल सिंह कपूर और निशा वर्मा के नेतृत्व मे छात्रा का चयन हुआ ।



# लायंस क्लब विदिशा सम्राट का हुआ शपथ ग्रहण समारोह




दैनिक भेल पॉवर

लायंस क्लब विदिशा सम्राट का शपथ ग्रहण समारोह भंडारी पैलेस में संपन्न हुआ इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ जी, इंस्टॉलेशन ऑफिसर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन अनिल झा जी, स्पेशल गेस्ट प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन महेश मालवीय जी एवं स्पेशल गेस्ट पूर्व मल्टीपल काउंसिल सेक्रेट्री एमजेएफ लायन अतुल रतन शी शाह, रीजन चेयरपर्सन मुदित बंसल जी, जोन चेयरपर्सन लायन डॉ रवि साहू जी की उपस्थिति में ला. चित्रांग जैन (अध्यक्ष) ला. अविनाश उज्जैनिया (सचिव) ला. राजीव जैन (कोषाध्यक्ष) के साथ और भी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही दीक्षा निकेतन स्कूल छात्रावास के दिव्यांग बच्चों के स्कूल के लिए लायंस क्लब विदिशा सम्राट के द्वारा आठ पंखों को भेंट किया गया जिसमें राजकुमार छुगानी जी का भी योगदान रहा।

# खाद की कालाबाजारी पर कलेक्टर सख्त, दिए निर्देश

## संबंधित अधिकारियों गोदामों और विक्रय केन्द्रों के निर्देश दिए

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर**। कलेक्टर बालागुरु के. ने खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में उन्होंने अधिकारियों से गोदामों और विक्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसानों को उनकी भूमि के अनुपात में ही खाद मिले। कलेक्टर बालागुरू ने विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की समीक्षा के दौरान कार्यवाही पर विलम्ब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आयोगों द्वारा भेजे जाने वाले पत्र जनहित या विशेष मुद्दों से जुड़े होते हैं, इन पर त्वरित कार्यवाही कर आयोग को जवाब भेजा जाना सुनिश्चित किया जाये। अमजन की आर्थिक सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा तथा जीवन ज्योति बीमा के लिए कैंप लगाये जा रहे हैं। जनपद सीईओ द्वारा बैंक समन्वयक के कैंप में नहीं पहुंचने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने एलडीएम को जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत से समन्वय कर कैंप लगाने तथा बीसी की उपस्थित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सूचना के बाद भी यदि बीसी कैंप में नहीं पहुंचे तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। **सीएमओ को दिए यह निर्देश-** कलेक्टर बालागुरू ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को अपने नगरीय निकायों की डीपीआर रिपोर्ट तैयार कर जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी




सीएमओ को निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों द्वारा पीएम आवास की राशि लेने के बाद भी काम शुरू नहीं किया जा रहा है, तो उनसे राशि वापस जमा कराने की कार्रवाई की जाये। विभिन्न परियोजनाओं के लिये भू.अर्जन की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने तथा सभी राजस्व एवं वन अधिकारियों को वन खण्डों व्यवस्थापन एवं राजस्व ग्रामों के संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू ने कहा कि जिन विभागों को अपने कार्यालय अथवा अन्य भवन बनाने के लिए भूमि की आवश्यकता हैए वे भूमि आवंटन के लिए स्वयं राजस्व विभाग से संपर्क एवं समन्वय करें और भूमि आवंटित कराएं। इसके साथ ही भूमि आवंटित हो जाने के बाद उस भूमि की संबंधित विभाग सुरक्षा भी करे। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# एम.जी.एम. कॉलेज इटारसी में मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण सम्पन्न

दैनिक भेल पॉवर

**इटारसी**। शासकीय एम.जी.एम.पी जी महाविद्यालय इटारसी में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं जन्तु विज्ञान विभाग के संयुक्त प्रयास से मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश महेता ने की। इस अवसर पर मधुभूमि नेचुरल प्रोडक्ट्स के संस्थापक व युवा इंजीनियर श्री मृत्तुंजय रॉय ने विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन और शुद्ध शहद के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में बाजार में बिकने वाले कई बड़े ब्रांड शहद में सिरप मिलाकर बेचते हैं, जबकि शुद्ध प्राकृतिक



शहद स्वास्थ्य के लिए अमृत के समान है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि रोजाना एक चम्मच शहद का सेवन शरीर के लिए अत्यंत लाभकारी है। श्री रॉय ने प्रोजेक्टर प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन के व्यवसायिक अवसरों के बारे में जागरूक किया और बताया कि कैसे यह स्वरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाता है।

# धूमधाम से मनाई जायेगी संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती

दैनिक भेल पॉवर

**इटारसी**। संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 755वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन 2 नंबवर को होना जिसको लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन बाबा दरबार सब्जी मंडी में किया गया। रविवार को हुई मीटिंग में जयंती कार्यक्रम के अवसर पर होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। जयंती कार्यक्रम का आयोजन सरला मंगल भवन में होगा। सर्वप्रथम संत नामदेव जी का पूजन अर्चन व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बच्चों द्वारा मनमोहन प्रस्तुतियां दी जाएगी। भोजनावकाश के युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में सभी सदस्यों की सहमति



से यह भी निर्णय लिया गया कि जयंती कार्यक्रम में अधिक से अधिक समाजजनों की सहभागिता हो सके इसके लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी संपर्क बढ़ाया जाएगा। वहीं वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल भी दो वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में लीलाधर नामदेव, देवेन्द्र जनौरिया, पूनमचंद नामदेव, डॉ. आर के नामदेव, कैलाश नामदेव, अतुल नामदेव, राहुल शरण, सुशील नामदेव, एड. राजेश नामदेव, संगीता जनौरिया, स्वर्णलता छेनिया, पूजा नामदेव सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह की अनूठी पहल — पर्यूषण महापर्व पर मंदिरों को समर्पित किए द्रव्य पात्र

दैनिक भेल पॉवर

**दमोह**। जैन धर्म का सर्वोत्कृष्ट पर्व पर्यूषण महापर्व आत्मशुद्धि, संयम और साधना का पर्व है। इस पावन अवसर पर जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह ने एक अनूठी और प्रशंसनीय पहल करते हुए नगर के समस्त जैन मंदिरों में पूजन एवं दर्शन के समय उपयोगी धुली हुई द्रव्य रखने के पात्र सौंपे। सामूहिक बंदना के साथ, जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा के पदाधिकारियों ने इन पात्रों को मंदिर कमेटियों के जिम्मेदार पदाधिकारियों को भेंट किया। यह पहल वर्तमान समय की आवश्यकता और धार्मिक अनुशासन की महत्ता को ध्यान में रखकर की गई है। शाखा की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि इस बार पर्यूषण महापर्व और आगामी दशलक्षण महापर्व पर समाज के हितार्थ और धार्मिक उपयोगिता को ध्यान में रखकर सेवा का यह कार्य किया जाए। वक्ताओं ने कही प्रेरणादायी बातें क्षेत्रीय मंत्री कविता ऋषभ जैन ने कहा ₹पर्यूषण महापर्व आत्मावलोकन और आत्मोत्कर्ष का पर्व है। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा की यह पहल न केवल धार्मिक उपयोगिता को बढ़ाएगी बल्कि समाज में अनुशासन और स्वच्छता का संदेश भी देगी। यह दान की अनूठी परंपरा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बनेगी। डॉ. एल.सी. जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने कहा ₹दशलक्षण महापर्व पर दान की परंपरा अतुलनीय है। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह ने दान का वास्तविक स्वरूप प्रस्तुत किया है। यह समाज के प्रत्येक सदस्य के लिए प्रेरणा है कि सेवा और धर्म कार्यों को मिलाकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता



है। इंजीनियर आर.के. जैन ने कहा ₹आज जब समाज में भौतिकता का प्रभाव बढ़ रहा है, तब जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा द्वारा धर्म साधना और सेवा को साथ जोड़ने का प्रयास वंदनीय है। मंदिरों को दिए गए द्रव्य पात्र श्रद्धालुओं की भक्ति को और पवित्र बनाएंगे। पद्म जैन, महामंत्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह ने कहा ₹दमोह की जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा की यह पहल वास्तव में अनुकरणीय है। दान केवल भौतिक वस्तु का नहीं, बल्कि भाव और समर्पण का भी होता है। यह कार्य न केवल महापर्व की गरिमा को बढ़ा रहा है, बल्कि समाज को एकता और सेवा का सशक्त संदेश भी दे रहा है। विशेष पहल, अद्भुत प्रभाव जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह की यह पहल किसी भी संगठन से अलग और विशेष है। यह समाज में धार्मिक दान, सेवा और अनुशासन का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने शाखा की इस पहल की प्रशंसा की और इसे महापर्व की गरिमा में चार चाँद लगाने वाला बताया।

# जबेरा में वित्तीय साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक भेल पॉवर

**दमोह**। जबेरा शासन के निदेर्शानुसार व वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जन सुरक्षा सैचुरेशन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत जबेरा अंतर्गत मिनी ऑडिटोरियम भवन में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश रघुवंशी मुख्य अतिथि एवं सरपंच शिवलाल धुर्वे, एलडीएम हेमंत कुमार, आजीविका मिशन से अजय शुक्ला, देश सिंह विशेष उपस्थिति रही। शिविर ग्रामीणों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ, शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, विशेषकर महिलाएं एवं पुरुषों ने भाग लिया। शिविर में क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश रघुवंशी व एलडीएम हेमंत कुमार के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन



योजना की विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत रेखा धनगर, भूरी प्रजापति को दो दो लाख रुपए की राशि की चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में फील्ड ऑफिसर आकाश दास के द्वारा वित्तीय साक्षरता के संबंध में जानकारी देते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में आजीविका मिशन में आर्थिक रूप से कमजोर बहनों को लोन उपलब्ध कराने, रोजगार हेतु लोन,पशु पर लोन, किसान के पास जमीन है तो उस पर भी लोन ले सकते है सहित बैंक संबंधी अन्य जानकारी विस्तार से दी गई।शिविर में ग्रामीणों को फ-ड्उ की अनिवार्यता, ऑपरेटिव खातों के लाभ (DBT, बीमा क्लेम, पेंशन, ATM/UPI आदि), व ढटखऊ, साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। ढटखखइ, ढटरइ, व अढ योजनाओं की जानकारी देकर मौके पर पंजीकरण किया गया। शिविर के दौरान फी-KC - 68 PMSB- 02, PMJJB- 01, AP- 02 किये गये। भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के कियोस्क संचालकों का मौजूद रहे जिन्होंने बहुत ही सराहनीय सहयोग किया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक से प्रभास रंजन, आकाश दास, शुभी गुप्ता,सौरभ राय एनआईसीटीसी, महेंद्र प्रजापति, अजय राय, कियोस्क संचालक में परसोत्तम प्रजापति, मयंक जैन, महेंद्र राय, सनत पटेल, नरेंद्र प्रजापति, संगीता साहू, सुचिता जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल जिला-इकाई सागर



दैनिक भेल पॉवर

**सागर**। मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल जिला इकाई सागर महासंघ के तत्वाधान में जिला इकाई सागर द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सागर के समक्ष सहकारी समिति के कर्मचारियों द्वारा प्रथम दिवस कलम बंद आंदोलन एवं धरना दिया गया कर्मचारियों की मांगों का निराकरण न होने तक कर्मचारी 24 सितंबर 2025 तक अनिश्चितकालीन कलम बंद आंदोलन जारी रखेंगे जिसमें सहकारी समितियां में पदस्त कर्मचारियों को कैडर के रूप में 60% बैंक में नियुक्ति सार्वजनिक वितरण प्रणाली में विक्रेताओं को मिलने वाले पारिश्रमिक मानदेय कमीशन की राशि में वृद्धि एवं विक्रेताओं के स्वयं के खाते में राशि का भुगतान किया जाना और तीसरी मांग है शासन प्रशासन द्वारा किए जाने वाले आदेशों का पालन जिला स्तर पर नहीं किया जाता है इसे तत्काल एवं सुनिश्चित किया जाना कर्मचारियों की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर धरना पर डटे हुए हैं मऊ एवं सागर जिले की समस्त 178 समिति के कर्मचारियों की उपस्थिति प्रार्थनीय रही।

# मिशन शक्ति हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन अन्तर्गत जागरूकता



दैनिक भेल पॉवर

**सागर**। कलेक्टर महोदय संदीप जी आर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन (HEW) अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान के छटवें दिवस में वन स्टॉप सेंटर सागर में विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासक रक्षा दुबे द्वारा कानूनी जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया । जिसमें घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉश एक्ट दहेज अधिनियम आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी । साथ ही हव अर्गत दी जाने वाली सहायताओं एवं 112 हेल्पलाइन के उपयोग के बारे में बताया। तत्पश्चात वन स्टॉप सेन्टर केसर्वकर द्वारा 181 महिला हेल्पलाईन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायताओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रभारी परियोजना अधिकारी संध्या दांडी, पर्यवेक्षक वसुन्धरा ,अमृता जैन उपस्थित रही। मिशन शक्ति हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन अन्तर्गत जागरूकता

# विश्लेषण : बिहार में बदलाव लाएगी राहुल-तेजस्वी की जोड़ी ?



*विश्वसनीय संस्था चुनाव आयोग पर इस तरह से उठाए गए सवाल भी लोकतंत्र की अहमियत और उसकी गरिमा कम करते हैं।*



बिहार की सियासत इस समय सबसे गर्म मुद्दा बन चुकी है। भाजपा और नीतीश जहां सत्ता को खोना नहीं चाहते हैं। वहीं राहुल और तेजस्वी उन्हें नए नजरिए की राजनीति से सत्ता से बेदखल करना चाहते हैं। सत्ता और विपक्ष में सहमात का खेल जारी है। कौन किस पर भारी पड़ता है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन बिहार के मतदाताओं पर राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा का असर पड़ता दिख रहा है। अगर ऐसा न होता तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आँखों से आँसू न निकलते। अब पीएम मोदी के आंसुओं का बिहार के वोटरों पर कितना असर पड़ता है यह देखना होगा। लेकिन गाली -गलौज की राजनीति सभ्य लोकतंत्र के लिए दुःखद है। हमें सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए। मोदी हमारे देश के पीएम हैं, किसी भी राजनैतिक मंच से इस तरह की अमर्यादित भाषा किसी के लिए हमारे राजनीति को गिराती है।

बिहार की राजनीति में एक तरफ राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा, दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावुक अपील और मां को गाली दिए जाने पर दरभंगा की रैली में चुनावी मंच से आंखें नम हो जाना। भावनात्मक पॉलिटिक्स की तरफ साफ इशारा करती है। पीएम मोदी इमोशनल पॉलिटिक्स करते हैं। विपक्ष जिस अस्त्र से हमला करता है मोदी उसे ही अपना अचूक हथियार बना कर विपक्ष पर पलटवार करते हैं। मोदी की चुनावी पॉलिटिक्स की यह सबसे बड़ी खूबी रही है। हालांकि जिस मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली दी गई उस मंच पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव मौजूद नहीं थे। मीडिया रिपोर्टर में कहा गया है। मोदी ने विपक्ष पर सीधा हमला करने के लिए इसे ब्रह्मास्त्र के तौर पर प्रयोग किया। अब इसका कितना असर होगा यह चुनावी परिणाम के बाद ही दिखेगा।

बिहार की पॉलिटिक्स में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कोई जोड़ नहीं है। वह मजे हुए राजनीतिज्ञ और रणनीतिकार हैं। उनके पास जाति समूह का भारी भरकम बैंक भी है। लेकिन अब उनकी उम्र राजनीति में बाधा बनती दिखती है। लम्बे वक्त से वे राज्य के मुख्यमंत्री हैं जिसकी वजह से एंटी इनकंबेंसी दिखती है। दूसरी तरह बिहार में पलायन, बेरोजगारी और विकास के मुद्दे जैसे आम सवाल हैं। जिस पर नीतीश सरकार की पकड़ ढीली पड़ रही है। आंतरिक तौर पर भाजपा को भी उन पर उतना भरोसा नहीं है। क्योंकि बिहार चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन मजबूती से उभरता है तो भाजपा से दोस्ती फिर आसान नहीं होगी। दूसरी तरफ उनकी अवसरवादी राजनीति से भाजपा भी सतर्क है। लेकिन चुनाव पूर्व नीतिश से रिश्तों को लेकर वह कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती।

राहुल गांधी अपनी वोट अधिकार यात्रा के जरिए सीधे जनता से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं। राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप से भाजपा और आयोग की मुश्किल बढ़ी है। राहुल गांधी ने जिस तरह कथित वोट चोरी के मुद्दे पर प्रस्तुत किए गए दस्तावेज पर भी बौद्धिक वर्ग अपनी तरफ से चिंतन कर रहा है। विश्वसनीय संस्था चुनाव आयोग पर इस तरह से उठाए गए सवाल भी लोकतंत्र की अहमियत और उसकी गरिमा कम करते हैं। आयोग अपनी पारदर्शिता पर कुछ भी कहे, लेकिन एक बार सवाल तो उठी गए हैं। बिहार में भारी तादात में वोटरों का मतदाता सूची से नाम गायब होना बड़ा सवाल है।

राहुल गाँधी की वोट अधिकार यात्रा युवाओं, किसानों और गरीब तबके के हक को सामने रखकर उन्हें जागरूक करने का अभियान है। राहुल का फोकस यह दिखाने पर है कि केंद्र सरकार, लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। बिहार में उनकी यात्रा का असर खासकर युवाओं और वंचित तबकों पर देखा जा रहा है। अब आप राहुल गांधी की यह यात्रा, वोट में कितना तब्दील हो पाएगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन राहुल गांधी की निडर और जमीनी पॉलिटिक्स ने एक नई बहस को जन्म दिया है और हमारे लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी सवाल उठ खड़े हुए हैं। जिस पर नए सिरे से हमें विचार करने की आवश्यकता है।

बिहार बंद की राजनीति ने सियासत को और गरमा दिया। विपक्ष ने इसे जनता की आवाज बताया, तो सत्ता पक्ष ने इसे महज राजनीतिक नाटक करार दिया। बंद का असर पटना से लेकर जिला स्तर तक देखा गया। जनता खासकर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर आक्रोशित है। लेकिन इस बंद को लेकर जनता बेहद परेशान दिखी और लोगों में बेहद आक्रोश देखा गया। जनता इस तरह की राजनीति पर भी काफी नाराज है। लोग सत्ता और विपक्ष में बंटे दिखाई दिए।

बिहार की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। लाखों युवा रोजगार की तलाश में दिल्ली, मुंबई, गुजरात और पंजाब जैसे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुधार की गति बेहद धीमी है। विकास की घोषणाएं तो बहुत हुईं, लेकिन जमीन पर असर नगण्य दिखा। यही कारण है कि जनता में नाराजगी बढ़ रही है। बिहार की चुनावी राजनीति पर नीतीश का जादू कितना चलेगा अभी इस पर कुछ कह पाना मुश्किल है। लेकिन नीतीश कुमार राजनीति के मजे हुए खिलाड़ी हैं उन्हें कमतर आंकना भी विपक्ष की भूल होगी।

बिहार में सीधा मुकाबला इंडिया और एनडीए गठबंधन के बीच होगा। एनडीए को भरोसा है कि बिहार में फिर मोदी और नीतीश का जादू चलेगा। लेकिन नीतीश कुमार की उम्र और तमाम सियासी मुद्दे गठबंधन की राजनीति पर प्रभाव डालेंगे। दूसरी तरफ राहुल गांधी और तेजस्वी की युवा राजनीति कि अग्नि परीक्षा भी है। लेकिन इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा भी एक बड़ा मुद्दा है। राहुल गांधी और तेजस्वी यह कैसे हल करते हैं यह उनकी राजनीतिक सूझबूझ बताएगी।

बिहार की जनता भावुक जरूर होती है, लेकिन साथ ही बेहद राजनीतिक सोच समझ भी रखती है। मोदी का रोना जनता को छू सकता है, लेकिन बेरोजगारी और पलायन जैसे मुद्दे कहीं ज्यादा गहरे असर डालते हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव युवाओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। बिहार की राजनीति फिलहाल भावना और मुद्दों की जंग बन चुकी है। एक ओर मोदी आंसुओं के जरिए सहानुभूति जुटा रहे हैं, तो दूसरी ओर राहुल गांधी वोट अधिकार यात्रा से लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ रहे हैं।

# पंजाब जल प्रलय : दुनिया के मददगारों को आज मदद की दरकार



भारत का अन्न भंडार कहा जाने वाला देश की खाद्य आपूर्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य पंजाब इन दिनों जल प्रलय जैसे अति गंभीर संकट से जूझ रहा है। कुछ स्त्रोतों के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य भंडार में पंजाब लगभग 45% अनाज का योगदान करता है। इसमें देश के गेहूं उत्पादन में लगभग 22% और चावल उत्पादन में लगभग 12% का योगदान शामिल है। इसीलिए पंजाब देश की खाद्य आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। इसके अलावा इसी पंजाब का किसान भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जरूरतमंदों की हर तरह की मदद करने के लिये पहली पंक्ति में खड़ा नजर आता है। चाहे वह युद्ध की विभीषिका से जूझने वाले लोग हों या भूकंप,सुनामी अथवा बाढ़ से प्रभावित लोग,शरणर्थियों की मदद करनी हो या कोरोना जैसे विश्वस्तरीय संकटकाल में लोगों को मुफ़्त भोजन व अन्य सुविधायें उपलब्ध कराना हो, पंजाब की यह कौम हमेशा सबसे आगे खड़ी नजर आई है। न यह धर्म देखते हैं न देश, न सीमा न जाति या भाषा। इन्हें प्रत्येक मानव की पीड़ा अपनी पीड़ा महसूस होती है और यह कौम तन मन धन से एकजुट होकर मदद करने को खड़ी हो जाती है। आज पूरे देश में न जाने कितने गुरुद्वारे दिन रत जरूरतमंदों को लंगर उपलब्ध कराते हैं। देश बार में स्वास्थ्य सम्बन्धी दर्जनों प्रयोगशालाएं व अस्पताल इनके सौजन्य से संचालित हो रहे हैं।

दुर्भाग्यवश आज हमारे देश का यही पंजाब प्राकृतिक प्रकोप से जूझ रहा है। इन दिनों जम्मू कश्मीर,हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल सहित केवल पंजाब में आई भीषण बाढ़ से राज्य के सभी 23 जिले प्रभावित हैं। राज्य में अब तक दर्जनों लोगों की मौत या उनके लापता होने के समाचार हैं। इस जल प्रलय से पंजाब के लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 2000 गांव जलमग्न हो गए हैं। अनुमान के अनुसार बाढ़ ने लगभग 18 लाख हेक्टेयर खेतों की फसलें बर्बाद कर दी हैं। बासमती फसल को तो भारी नुक़्सान हुआ है। अभी तक 600 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सरकारी व अनेक गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों द्वारा राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रह है। हजारों बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित जगहों पर या राहत शिविरों में पहुँचाया जा चुका है।

इसी दौरान शौर्य समर्पण व बलिदान की इस धरती से बड़े ही ह्रदय विदारक दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हजारों गायें भैंसें तेज बहाव में बहकर लापता हो गई हैं। पूरी पूरी डेयरियां जल प्रलय का शिकार हो गयी हैं। लोगों के खेतों में वर्तमान फसल तो बर्बाद हुई ही है परन्तु ऐसी संभावना भी है कि खेतों में रेत की मोटी परत बैठ जाने के चलते अनिश्चितकाल के लिये इन खेतों की अपनी उर्वरक क्षमता भी समाप्त हो जाएगी। गोया इस जल प्रलय के चलते आने वाले वर्षों में देश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना है।

बहरहाल आज पीड़ा की इस घड़ी में पंजाब के किसानों के साथ पूरा देश खड़ा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार,दिलजीत दोसांझ,रणदीप हुड्डा,सोनू सूद,प्रीटी जिंटा,करीना कपूर,विक्की कौशल,एमी विर्क,राज कुंद्रा,गुरु रंधावा,गिप्पी ग्रेवाल,करण औजला,सुनंदा शर्मा,शाहरुख खान , आलिया भट्ट, करण जौहर,हरभजन सिंह,मनकीरत औलख,बब्बू मान, रणजीत बावा,सोनम बाजवा ,संजय दत्त,अजय देवगन, कपिल शर्मा, बादशाह, सिद्धार्थ मल्होत्रा व अनन्या पांडे जैसे अनेक फिल्म व कला जगत से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़कर या तो भारी भरकम रकम दान की है या पीड़ितों के लिये राहत शिविर स्थापित किये हैं,एम्बुलेंस दान की हैं अथवा उनके साथ अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसी तरह मदरसा जीनत उलूम,नारायणगढ़ मदरसा जमीयतुल उलूम, मेवात के मुस्लिम समुदाय के लोग व दर्जनों मस्जिदों से राहत भरे ट्रक पंजाब की ओर भेजे जा रहे हैं। ईरान ने भी भारत के पंजाब में आई भीषण बाढ़ पर गहरा दुख व्यक्त किया है। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी एक संदेश में कहा कि पंजाब में आई बाढ़ से हुए व्यापक नुक़्सान और दर्द को देखकर मन दुखी है। दूतावास ने प्रभावित लोगों और राहत कार्यों में लगे सभी के लिए प्रार्थनाएं कीं तथा भगवान से सभी की रक्षा और आशीर्वाद की कामना की। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की ओर से भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की हिफाजत और सलामती के लिए दुआएं भेजी गई हैं। ईरान के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की गयी है।

आज पूरे देश के हर वर्ग व हर धर्म का व्यक्ति पंजाब के इन किसानों के साथ इसीलिये खड़ा है।

# संपादकीय

## ट्रंप की नीति अमेरिका फर्स्ट को अमेरिकन ने ही नकारा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आने के बाद अमेरिका फर्स्ट का नारा देते हुए व्यापार युद्धों की शुरूआत की और टैरिफ को अपनी आर्थिक नीति का प्रमुख हथियार बना लिया। उनका दावा रहा है कि इससे अमेरिकी उद्योग दोबारा खड़ा होगा और विदेशी आयात पर निर्भरता घटेगी। लेकिन हाल के आँकड़े और वैश्विक रेटिंग एजेंसियों की चेतावनियाँ उनके इन दावों की पोल खोल रही हैं। यह आंकड़ें और चेतावननी बता रही हैं कि कई अमेरिकन ने ही डोनाल्ड ट्रंप के ह्लअमेरिका फर्स्टह्व का नारा नकार दिया है।दरअसल, इस संबंध में ग्लोबल एजेंसी ह्यमूडीजह्न एनालिटिक्स ने स्पष्ट कहा है कि अमेरिका आज मंदी की कगार पर खड़ा है और सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक-तिहाई हिस्सा पहले से ही गंभीर संकट में फँस चुका है। रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका के कई राज्य या तो मंदी का सामना कर रहे हैं या निकट भविष्य में उसमें घिरने वाले हैं। केवल कुछेक राज्यों में ही आर्थिक वृद्धि दर्ज की जा रही है जबकि बहुसंख्यक राज्यों में ठहराव या गिरावट का माहौल है। यह परिदृश्य उस देश की असली हालत दिखाता है जो खुद को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहता है।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर अपने सबसे कमजोर प्रदर्शन पर पहुंचा

राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों का सबसे गहरा प्रहार अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर हुआ है। आयात शुल्कों के कारण कच्चे माल और पुर्जों की कीमतें इतनी बढ़ गई हैं कि उत्पादन महँगा और अलाभकारी हो गया है। जिन उद्योगों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से लाभ मिल रहा था, वे अचानक महंगे उत्पादन की मार झेलने लगे हैं। रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2025 में अमेरिका का मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स घटकर 48.7 पर आ गया, जो लगातार छठा महीना है जब इस क्षेत्र में गिरावट दर्ज हुई।इंस्टीट्यूट फॉर सप्लाई मैनेजमेंट का सर्वे भी यही संकेत देता है कि उद्योगपतियों का विश्वास डगमगा चुका है और वे विस्तार की जगह सिमटने की रणनीति अपना रहे हैं। कई कंपनियाँ छंटनी कर रही हैं और नई नौकरियाँ देने से बच रही हैं। यह स्थिति महामंदी से भी बदतर बताई जा रही है।

अमेरिका में रोजगार तेजी से घट रहे

रोजगार के मोर्चे पर भी तस्वीर चिंताजनक है। ट्रंप प्रशासन ने बार-बार रोजगार सृजन का दावा किया लेकिन हकीकत इसके उलट है। सरकारी नौकरियों में कटौती ने हालात को और खराब कर दिया है। केवल जनवरी से मई के बीच वाशिंगटन डीसी क्षेत्र में ही बाईस हजार से अधिक सरकारी नौकरियाँ खत्म हो चुकी हैं। उत्तर-पूर्व और मध्य-पश्चिम के राज्य भी इससे प्रभावित हुए हैं। सरकारी नौकरियों की कटौती का असर केवल रोजगार तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह आम लोगों की आय और उपभोग क्षमता पर भी सीधा प्रहार करता है। जब लोगों के पास काम नहीं होगा तो उनकी खपत घटेगी और बाजार सिकुड़ेगा, जिससे मंदी का चक्र और गहराता जाएगा।

पैंतीस ट्रिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है अमेरिकन कर्जइन सबके बीच अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज भी तेजी से बढ़ रहा है। आज यह कर्ज लगभग पैंतीस ट्रिलियन डॉलर तक पहुँच चुका है। कर कटौती और बढ़ते सैन्य व्यय ने इस बोझ को और बढ़ा दिया है। हालत यह है कि अमेरिकी बजट का एक बड़ा हिस्सा केवल ब्याज भुगतान में चला जाता है और शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा तथा बुनियादी ढाँचे जैसे अहम क्षेत्रों पर खर्च सीमित होता जा रहा है। दीर्घकाल में इसका असर अमेरिकी जनता की जीवनशैली और सामाजिक सुरक्षा पर पड़ना तय है।अमेरिकी उपभोक्ताओं पर सीधा बोझ बढ़ रहाट्रंप लगातार दावा करते रहे हैं

## (विचार-मंथन)

### भारत की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा टेक्स सिस्टम

भारत की कर प्रणाली देश की आर्थिक प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बन चुका है। सरकार का यह तर्क कि टैक्स वसूलना देश के विकास और जनहित के लिए आवश्यक है। यह पूरी तरह सही प्रतीत नहीं होता है। असलियत यह है कि देश का टैक्स सिस्टम ना केवल जटिल है। बल्कि हर स्तर पर केन्द्र, राज्य, स्थानीय संस्थाओं एवं शुल्क के रूप में जिस तरह से टेक्स वसूल किया जा रहा है। उससे आम आदमी परेशान हो गया है। तरह-तरह के टेक्स आम नागरिक और व्यवसायी दोनों के लिए भारी बोझ बनता जा रहा है। भारत की टैक्स प्रणाली के नियम और कानून इस तरीके से बनाए गए हैं जिससे भ्रष्टाचार बढ़ता है, सरकार के उच्च पदों पर बैठे नेता और अधिकारी कर प्रणाली का उपयोग भ्रष्टाचार और नागरिकों को दबाने के लिए करते हैं। विशेषकर मध्यम वर्ग और छोटे उद्यमी इस तंत्र की चपेट में आकर सदैव मानसिक और आर्थिक दबाव में रहते हैं। जिसके कारण उनकी कार्य क्षमता प्रभावित होती है। जीएसटी ने सभी की कमर तोड़ दी है। हाल ही में भारत की कर प्रणाली के संबंध में जो तथ्य सामने आया है, उससे स्पष्ट है, भारत में एक करोड़ रूपए कमाने वाला व्यक्ति अपने व्यवसाय या कमाई का लगभग आधे से ज्यादा कमाई को टैक्स और अन्य सरकारी शुल्क में भुगतान करना पड़ता है। भारत में यदि 1 करोड़ रूपए कमाते हैं, तो टैक्स, जीएसटी, मेंटेनेंस, रेंट, कर्मचारी वेतन व अन्य खर्चों के बाद आपके पास बड़ी मुश्किल से मात्र 35 लाख रूपए की बचत होती है। दूसरी ओर, दुबई जैसे देशों में सरकारी कर नाममात्र के है। जिसके कारण दुबई की आर्थिक प्रगति बड़ी तेजी के साथ हो रही है। इसका लाभ वहां की सरकार और आम जनता को समान रूप से मिल रहा है। दुबई जैसे देश में जो भी काम धंधा करके कमा रहा है। उसका पूरा पैसा उसके पास रहता है। वह अपनी मनमर्जी से खर्च करता है। उस खर्च पर टेक्स या सरकार की कोई दखलंदाजी नहीं होने से लोग बड़ी कमाई भी करते हैं, और कमाई का बड़ा हिस्सा खर्च भी करते हैं। वहां पर लोगों का स्वाभिमान और आत्मविश्वास दोनों ही बना रहता है। भारत मे वर्तमान टैक्स प्रणाली के दुष्परिणाम के कारण, भारत की उच्च कमाई वाले उद्योगपति और व्यवसायी विदेश में है।

## आज का राशिफल

**मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेषः** आज आपको लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतनी होगी और आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण में करके चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपनी बुद्धि और विवेक से काम लेकर लोगों को हैरान करेंगे। आपको अपने कामों को थोड़ा सामंजस्यता से निपटाने की आवश्यकता है। आप माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। छोटे बच्चे के साथ आपको कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे आपको कोई टेंशन थी, तो वह दूर हो सकती है। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभः** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों में सूझबूझ से आगे बढ़ेंगे। आवश्यक कामों में आप तेजी दिखाएंगे। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। परिवार में किसी सदस्य से आपको खरी खोटी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने आसपास रहने विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है, क्योंकि वह आपके बनते हुए कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें।

**मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुनः** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी बड़े लक्ष्य को पकड़ कर चलेंगे, तभी उसे पूरा करने में कामयाब रहेंगे। आप किसी से धन उधार लेने की ना सोचे और आपकी दी गई सलाह परिवार में किसी सदस्य को काम आएगी, उनको आपका पूरा सहयोग मिलेगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई वाद विवाद खड़ा हो सकता है। नौकरी मे बदलाव की योजना बना रहे लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्कः** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने कर्जों को उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। आध्यात्म के कार्यों में आपकी पूरी रुचि रहेगी और सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। दान धर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी करने को मिल सकती है। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें।

**सिंहः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंहः**आज आपको अपने कामकाज पर पूरा ध्यान देना होगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप सावधानी बरतें। आप किसी काम को लेकर लापरवाही दिखा सकते हैं। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आप किसी काम को लेकर दूसरे पर निर्भर ना रहें। वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा और आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव कर सकते हैं ।संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी करने को मिल सकती है।

**कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्याः**आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहने वाला है। परिवार में किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। सभी का सहयोग आप पर बना रहेगा। आप अपने व्यवहार से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे और आपकी संतान की पढ़ाई लिखाई में कोई समस्या आ रही थी, तो उसे भी आप दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको आज अपने आसपास से रह रहे लोगों को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा। आप अपने कामों में सूझबूझ से आगे बढ़ेंगे।

**तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुलाः** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को पूरी धैर्य से निपटाने की आवश्यकता है। आपको किसी से उधार का लेनदेन करने से बचना होगा। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप किसी नौकरी से संबंधित काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। आप अपने बॉस को यदि कोई सुझाव देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। राजनीति की ओर कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा

**वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिकः** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपकी आय में वृद्धि होगी। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपको अपने निजी मामलों को घर से बाहर नहीं जाने देना है। यदि आपने किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करने का सोचा है, तो वह आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। आज आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनुः** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप परिवार में किसी सदस्य से बहसबाजी में ना पड़ें। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई मामला विवादित था, तो उसमें भी आपको काफी मेहनत मशक्कत करनी पड़ेगी। भगवान के भक्तों में आपका काफी मन लगेगा। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन आपको किसी पारिवारिक कलह को दूर करके चलने की आवश्यकता है। बिजनेस में आपको अच्छी कमाई होगी और आपकी पार्टनरशिप भी बेहतर चलेगी।

**मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

**मकरः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आपके रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आप कहीं बाहर घूमने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप सबको साथ लेकर चलने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको अपने वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं को बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करनी होगी। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ सम्मान की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

**कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभः** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता है। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। यदि आपने किसी से कुछ कर्जा लिया था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। माता-पिता आपके कामो में आपका पूरा सहयोग देंगे और उनकी सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

**मीनः** आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप अपनी कला और कौशल में निखार लायेंगे, जिससे आपके सहयोगी भी काफी खुश होंगे और आपको अपने बॉस का पूरा समर्थन मिलेगा। जीवनसाथी को नौकरी से लेकर समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखना होगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आने से आपका मन काफी खुश रहेगा और आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे। सभी का सहयोग आप पर बना रहेगा।

# बिग बॉस 19 : मेहमान बनकर आए मुनव्वर फारूकी ने अभिषेक को किया रोस्ट



बिग बॉस 19 का दूसरा वीकएंड वार जारी है। आज शनिवार को भी दर्शकों का जबरदस्त मनोरंजन होने वाला है, क्योंकि इसमें स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी बतौर मेहमान पहुंच रहे हैं। आगामी एपिसोड का एक प्रोमो लॉन्च हुआ है, जिसमें मुनव्वर बिग बॉस के घर में रह रहे कंटेस्टेंट्स को रोस्ट करते दिख रहे हैं। आइए जानते हैं उन्होंने किसके बारे में क्या कहा।

बिग बॉस 19 के इस नए प्रोमो में स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी ने सबसे पहले प्रणीत मोरे का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा, 'आज मैं यहां हूं प्रणीत की वजह से, क्योंकि दो दिन पहले बिग बॉस ने इन्हें रोस्ट का काम दिया था। अगर ये ठीक से कर लेते तो मुझे नहीं बुलाते।' यह सुनकर सभी हंसने लगते हैं। मुनव्वर ने इसी कड़ी में कंटेस्टेंट अभिषेक बजाज को भी रोस्ट किया। उन्होंने कहा, 'अभिषेक भाई, मेरे चाचा के पास भी एक स्कूटर है। वो आवाज बहुत करता है, लेकिन काम कुछ नही करता।'

वीडियो में आगे स्टैंडअप कॉमेडियन ने कहा, 'तान्या मित्तल जब बोलती हैं, तो औरा बढ़ जाता है। वहीं जब नेहल चुडासमा बोलती हैं, तो दौरा पड़ जाता है।' यह सुन नेहल हैरान हो जाती हैं। इसके अलावा मुनव्वर ने सिंगर अमाल मलिक से कहा कि क्या वह अपनी खर्राटे वाली मशीन लेकर आए हैं? इसके जवाब ने सिंगर ने कहा, हां।

आज रविवार को बिग बॉस 19 के दूसरे वीकएंड वार का दूसरा दिन है, जो काफी मजेदार होने वाला है। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि मुनव्वर द्वारा किस कंटेस्ट्स को ज्यादा रोस्ट किया जाता है।



# बजट का 5 गुना कमा चुकी है लोका चैप्टर 1

डोमिनिक अरुण के डायरेक्शन और दुलकर सलमान के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी मलयालम फैंटेसी सुपरहीरो फिल्म लोका चैप्टर 1 चंद्रा ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 10वें दिन भी तबाही मचा रखी है. कल्याणी प्रियदर्शन के लीड रोल वाली इस साउथ फिल्म ने आज यानी 10वें दिन बागी 4 और द कन्यूरिंग जैसी फिल्मों के सामने भी घुटने नहीं टेके हैं. बल्कि इसका उल्टा फिल्म की कमाई में और यादा तेजी आ चुकी है.फिल्म ने हर दिन कितनी कमाई की है, इसकी पूरी रिपोर्ट आप नीचे टेबल में सैक्निल्क के मुताबिक देख सकते हैं. इसमें से आज का डेटा 10-50 बजे तक का है और फाइनल नहीं है. इसमें अभी बदलाव हो सकता है.इस फिल्म को बनाने में सैक्निल्क के मुताबिक, सिर्फ 30 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया गया है. वहीं इसके वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो इसने इस साल की कन्नड़ ब्लॉकबस्टर फिल्म सु फ्रॉम सो को भी पीछे कर दिया है.3 करोड़ के बजट में बनाई गई कन्नड़ फिल्म ने वर्ल्डवाइड 121 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था, जबकि लोका चैप्टर 1 चंद्रा ने 9 दिन में सैक्निल्क के मुताबिक 143.80 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. इसमें अगर आज का घरेलू कलेक्शन जोड़ दें तो ये 150 करोड़ के ऊपर पहुंचता है.

**5 फिल्में मिलकर नहीं कर पा रहीं लोका चैप्टर 1 का मुकाबला**

# भारत की अनुपर्णा रॉय ने रचा इतिहास
## वेनिस फिल्म फेस्टिवल में जीता सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार



भारतीय फिल्म निर्देश अनुपर्णा रॉय ने देश का परचम लहराया है। वेनिस फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई एकमात्र भारतीय फिल्म- 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़' के लिए अनुपर्णा को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान दिया गहया। क्यों खास है अनुपर्णा की ये उपलब्धि? क्या है फिल्म की कहानी? जानिए सबकुछ इटली में आयोजित 82वें वेनिस फिल्म फेस्टिवल में भारत का डंका बजा है। पूरे देश लिए गर्व के इन लम्हों को सहेजने का श्रेय फिल्ममेकर अनुपर्णा रॉय को जाता है। उनकी फिल्म 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़' के लिए उन्हें ओरिज़ोंटी सेक्शन का सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार की घोषणा ओरिज़ोंटी जूरी की अध्यक्ष, फ्रांसीसी फिल्मकार जूलिया ड्यूकुर्नो ने समापन समारोह के दौरान की। भारतीय सिनेमा के लिए यह उपलब्धि महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

### प्रवासी महिलाओं की जिंदगी पर आधारित है फिल्म

अनुपर्णा रॉय की इस फिल्म से अनुराग कश्यप भी जुड़े हैं। खास बात ये भी रही कि इस वर्ष के ओरिज़ोंटी सेक्शन में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म- 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़' ही रही। मुंबई में प्रवासी महिलाओं की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म में आधी आबादी के अकेलेपन, संघर्ष और क्षणिक रिश्तों के बीच जीने का रास्ता तलाशने की जिजिविषा को दिखाया गया है।

### कलाकारों और अनुराग कश्यप का विशेष आभार

इटली के वेनिस शहर में अवॉर्ड लेने मंच पर सफेद साड़ी में पहुंचीं अनुपर्णा रॉय ने देश के परिधान को भी सात समंदर पार खास तौर पर स्थान दिलाया। उन्होंने इस सम्मान को सपना सच होने जैसा लम्हा बताया। उन्होंने जूरी, अपनी टीम, कलाकारों और अनुराग कश्यप का विशेष आभार व्यक्त किया।

### इन फिल्मों की भी रही चर्चा

बता दें कि इस वर्ष के वेनिस फिल्म फेस्टिवल के मुख्य प्रतियोगिता खंड में कई चर्चित फिल्मों ने ध्यान खींचा। इनमें पाओलो सोरेन्टिनो की ला ग्राज़िया, कैथरीन बिगेलो की ए हाउस ऑफ डायनामाइट, बेनी सैफ्दी की द स्मैशिंग मशीन, मोना फास्टवोल्ड की द टेस्टामेंट ऑफ ऐन ली, गिलर्मो डेल टोरो की फ्रेंकस्टाइन, यॉर्गोस लैंथिमोस की बुगोनिया और पार्क चान-वूक की नो अदर चॉइस जैसी फिल्में प्रमुख रहीं।



# रश्मिका और विजय की गुपचुप सगाई, एक्ट्रेस की डायमंड रिंग देख गर्म हुआ चर्चाओं का बाजार



रश्मिका मंदांना और विजय देवरकोंडा के रिलेशनशिप को लेकर खबरों का बाजार लंबे समय से गर्म चल रहा है। लोगों के बीच इस बात की चर्चा है कि यह दोनों सितारे एक दूसरे के इश्क में पड़ गए हैं लेकिन अब तक इन्होंने अपने रिलेशनशिप को लेकर कोई भी बात कंफर्म नहीं की है। अब यह खबर सामने आ रही है कि इन दोनों ने इंगेजमेंट कर ली है।जी हां, लंबे समय से इस बात की चर्चा तो हो ही रही है कि रश्मिका और विजय एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। इन्हें कई बार साथ में देखा गया है और वेकेशन की तस्वीरों से भी कई बार हिंट मिल चुकी है। इसी बीच अब दुबई में इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स में पहुंची रश्मिका की हीरे की अंगूठी ने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस अंगूठी को देखने के बाद तरह-तरह की बातें की जाने लगी है।रश्मिका मंदांना जब दुबई रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंची तब उनके हाथों में हीरे की खूबसूरत से अंगूठी दिखाई दे रही थी। सबसे खास बात यह है कि इस अंगूठी को एक्ट्रेस ने अपनी रिंग फिंगर में पहना हुआ था। यही वजह रही कि लोगों को ऐसा लगा कि उन्होंने सगाई कर ली है। जैसे ही रश्मिका मंदांना का यह वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उनके हाथ में रिंग दिखाई दे रही है। वैसे ही सोशल मीडिया पर कमेंट्स आने का सिलसिला शुरू हो गया। कुछ ऐक्ट्रेस को बधाइयां दे रहे थे तो कुछ सवाल पूछ रहे थे। एक ने लिखा 'फाइनली बधाई हो।' दूसरे ने कहा 'रश्मिका को सच बता देना चाहिए।' एक ने कहा कि 'कोई देवरकोंडा का हाथ भी चेक कर लो।' इस तरह के कई सारे कमेंट वीडियो पर देखने को मिल रहे हैं। हालांकि सितारों ने इस पर कोई भी रिएक्शन नहीं किया है।

### विजय बोले- नहीं हूं सिंगल

रश्मिका और विजय की अफेयर की खबर आज से नहीं लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है। इन खबरों को हवा तब लगी जब अगस्त में इन दोनों को न्यूयॉर्क में इंडिया डे परेड में एक दूसरे का हाथ थामे देखा गया। वहीं कुछ महीने पहले एक मीडिया इंटरेक्शन में विजय को अपने रिलेशनशिप स्टेटस पर बात करते हुए देखा गया था। उन्होंने कहा था कि अब वह सिंगल नहीं है। इस दौरान उन्होंने रश्मिका या फिर किसी और का नाम तो नहीं लिया था लेकिन फैंस ने इसे सीधा एक्ट्रेस से जोड़ना शुरु कर दिया था।

आपको बता दें कि रश्मिका मंदांना की सगाई पहले एक्टर रक्षित शेट्टी के साथ हुई थी। फिल्म 'किरिक पार्टी' के सेट पर इन दोनों की मुलाकात हुई थी। ये एक दूसरे को पसंद करने लगे थे और 2017 में इन्होंने सगाई कर ली थी। हालांकि 2018 में यह दोनों अलग हो गए और इन्होंने शादी नहीं की। इसके कुछ सुबह बाद रश्मिका का नाम लगातार विजय से जोड़ा जाने लगा। इन दोनों ने कुछ फिल्में भी साथ में की है और इनकी डेटिंग की खबरें फैंस के बीच चर्चा का विषय रहती हैं।



# सरगुन के जन्मदिन पर पति रवि दुबे ने शेयर की दोनों की खूबसूरत तस्वीरें

*सरगुन यह तुम्हारा भाग्य है कि पूरी दुनिया तुम्हारा सम्मान करती है। मैं हर दिन कल्पना करता हूं कि मैं आंखों में कृतज्ञता के आंसू के साथ तुम्हारे पीछे खड़ा हूं।रवि दुबे ने पोस्ट में आगे लिखा मुझे नहीं पता कि तुम्हारे लिए मेरे अंदर इजत कहां से आती है। यह केवल इस जिंदगी में नहीं है। तुमने पूरी जिंदगी मुझे आशीर्वाद दिया है।*

शनिवार को अभिनेत्री सरगुन मेहता एक साल और बड़ी हो गईं। इस मौके पर उन्हें उनके पति रवि दुबे ने बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर उनके साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं और एक नोट लिखा है। वह तस्वीरों में सरगुन मेहता को गले लगा रहे हैं और उन्हें चूम रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में रवि दुबे ने लिखा प्यार अंधा होता है। सम्मान पाने के लिए व्यक्ति को एक ही समय में बुद्धिमान, कोमल और बचे जैसा होना चाहिए। सरगुन यह तुम्हारा भाग्य है कि पूरी दुनिया तुम्हारा सम्मान करती है। मैं हर दिन कल्पना करता हूं कि मैं आंखों में कृतज्ञता के आंसू के साथ तुम्हारे पीछे खड़ा हूं।रवि दुबे ने पोस्ट में आगे लिखा मुझे नहीं पता कि तुम्हारे लिए मेरे अंदर इजत कहां से आती है। यह केवल इस जिंदगी में नहीं है। तुमने पूरी जिंदगी मुझे आशीर्वाद दिया है। मैं इसे हर बार महसूस करता हूं। जन्मदिन मुबारक हो मेरी जान।

आपको बता दें कि रवि दुबे और सरगुन मेहता ने 7 दिसंबर 2013 को शादी की थी। पहली बार दोनों टीवी शो करोल बाग के सेट पर मिले। दोनों ने साथ में काम किया और इसी सेट पर दोनों का प्यार परवान चढ़ा।

रसाल 2019 में रवि दुबे और सरगुन मेहता ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी लॉन्च की। इसका नाम ड्रीमियाता ड्रामा है। इसके तहत उडारियां और जुनूनियत शो बने।

रवि दुबे टीवी होस्टिंग और वेब सीरीज में काम करते हैं। वह नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में लक्ष्मण की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।

सरगुन मेहता पंजाबी फिल्मों में काम करती हैं। वह बॉलीवुड फिल्म किस्मत और किस्मत 2 में नजर आ चुकी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आज से काम नहीं करेंगे दिल्ली की जिला अदालतों के वकील, स्थगित या वापस नहीं होगी हड़ताल... फैसला बरकरार



**नई दिल्ली :** दिल्ली की जिला अदालतों के सभी बार संघों की समन्वय समितियां 8 सितंबर से शुरू होने वाली वकीलों की हड़ताल को स्थगित या वापस नहीं लेंगी, यह जानकारी एक पत्र में दी गई है। नई दिल्ली बार एसोसिएशन (एनडीबीए) के पत्र में कहा गया है कि पुलिस द्वारा थानों से अदालतों में वर्चुअल तरीके से साक्ष्य प्रस्तुत करने के मुद्दे पर शनिवार को समिति की एक बैठक हुई। पत्र में कहा गया है कि हम अपनी मांग पर अड़े हैं और दोहराते हैं कि पुलिसकर्मियों को गवाही व साक्ष्य के लिए अदालतों में केवल प्रत्यक्ष रूप से ही उपस्थित होना होगा। एनडीबीए के सचिव तरुण राणा ने कहा कि शनिवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष का एक पत्र मिला, जो दिल्ली के सभी जिला अदालत बार संघों के अध्यक्षों और सचिवों को संबोधित है, जिसमें उनसे चल रहे आंदोलन को वापस लेने का अनुरोध किया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, फंदे से लटका मिला शव

**मोदीनगर।** नगर के गांव सीकरी कलां में रविवार को महिला ममता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ममता का शव फंदे से लटका मिला। ममता के भाई ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। ममता (45) की शादी करीब 25 साल पहले सीकरी कला निवासी नरेंद्र के साथ हुई थी। ममता के दो पुत्र व दो पुत्री हैं। दोनों पुत्रियों की शादी हो चुकी है। रविवार को छोटा बेटा भरत अपने कमरे में था। नरेंद्र किसी काम से बाहर गए थे। भरत कमरे से निकला तो मां ममता का शव चौखट से लटका मिला। भाई ने आरोप लगाया कि ममता की हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया गया। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि मामला खुदकुशी का लग रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। तहरीर प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मोबाइल टावर उपकरण व वाहन चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सिहानीगेट पुलिस ने मोबाइल टावर उपकरण व वाहन चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की एक बाइक, भारी मात्रा में मोबाइल टावर के उपकरण व घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई। आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम आमिर, अय्यूब व सलीमुद्दीन निवासी सैफपुर, थाना हस्तिनापुर, मेरठ और निखिल निवासी शाहपुर बटावली, बहसूमा, मेरठ बताए।

एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि जो बाइक आरोपियों से बरामद हुई, उसको उन्होंने दादरी गौतमबुद्धनगर और मोबाइल टावर के डिवाइस आरोपियों ने राजस्थान से चोरी करने की बात कबूली। निखिल नाम के आरोपी पर हस्तिनापुर मेरठ के थाने में लूट का एक मुकदमा दर्ज होने की बात अभी तक सामने आई है। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच चल रही है। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। उनको वहां से जेल भेज दिया गया।

## पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए भाजपा ने 52 ट्रकों में राहत सामग्री भेजी, आतिशी ने पूछे सवाल



**नई दिल्ली :** पंजाब में भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए प्रदेश भाजपा ने रविवार को राहत सामग्री से भरे 52 ट्रकों को रवाना किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि इस कठिन समय में राजनीति से ऊपर उठकर पंजाब की मदद करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अगर देश का दिल दिल्ली में धड़कता है तो दिल्ली की धड़कन पंजाब में बसती है। पंजाब के अन्नदाता किसानों के साथ पूरी दिल्ली खड़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संगठन ने यह सीख ली है कि जब भी दुनिया में कहीं विपदा आती है, भारत हमेशा मदद के लिए आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि पंजाब हमारे देश का नवरत्न राज्य है, जिसने हर समय देश को सहयोग दिया है। ऐसे में यह हमारा कर्तव्य है कि उसकी मुश्किल घड़ी में हम हर संभव मदद करें।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ पूरी दिल्ली खड़ी है और राहत सामग्री से भरे 52 ट्रकों का काफिला सिर्फ शुरूआत है। आगे भी सेवा लगातार जारी रहेगी। सचदेवा ने बताया कि राहत सामग्री में राशन, दवाइयां, मच्छरदानी, तिरपाल, बर्तन, कंबल, जूते-चप्पल सहित रोजमर्रा की वस्तुएं शामिल हैं। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पंजाब हमेशा से देश की रक्षा और समृद्धि के लिए खड़ा रहा है, इसलिए आज पूरे देश का फर्ज है कि वह पंजाब की मुश्किल घड़ी में साथ खड़ा हो। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता से सवाल पूछते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि रेखा गुप्ता जी, आपने दिल्ली को बाढ़ से बचाने के लिए क्या किया। दिल्ली में जिस दिन भी बारिश आती है, पूरी दिल्ली झील में बदल जाती है, हर जगह जलभराव हो जाता है। रेखा गुप्ता जी, आपने दिल्ली को जलभराव और बाढ़ से बचाने के लिए क्या किया? सीएम रेखा गुप्ता जी और उनकी सरकार ने कोई तैयारी नहीं की थी। जब आप की सरकार थी तब हम मानसून के 3 महीने पहले ही साफ सफाई कराते थे और उसके बाद भी जहां पानी भरता था, वहां खुद खड़े होकर सफाई कराई जाती थी।

## पशु चोरी करने वालों ने की थी कारोबारी से छिनैती की वारदात




**कौशांबी।** सीमांत विहार निवासी बेकरी कारोबारी राजेश को पिस्टल व चाकू दिखाकर चेन छिनैती करने वाले कार सवार आरोपियों को पुलिस ने रविवार सुबह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया मामले का खुलासा किया। आरोपी दिल्ली के राजपार्क स्थित मंगोलपुरी निवासी सुजल, बेगमपुरी के कैलाश विहार का रहने वाले संदीप और विशाल हैं। मुठभेड़ में आरोपी सुजल के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने 25 अगस्त की सुबह बेकरी कारोबारी से छिनैती करने की बात स्वीकार की है। तीनों के पास से वारदात में इस्तेमाल हुई कार, चाकू, तमंचा व कुछ नकदी बरामद हुई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सात सिंतबर की सुबह 2/5 की पुलिया पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक कार को चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया था। कार चालक ने गाड़ी रोकने की जगह दूसरे रास्ते पर दौड़ा दिया लेकिन कुछ दूरी पर ही कार टकराने की वजह से रुक गई। तीनों आरोपी गाड़ी से निकलकर फायरिंग करते हुए भागे। जवाबी कार्रवाई में एक गोली आरोपी सुजल के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों मिलकर गाजियाबाद व दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लूट, छिनैती और चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। एसीपी ने बताया कि तीनों आरोपी मुख्यरूप से पशु चोर हैं। अधिकतर घरों के बाहर बंधे पशुओं को चुराकर उन्हें बेचने का काम करते हैं। पशु चोरी के कई मामले तीनों के खिलाफ दर्ज हैं। जिस कार में आरोपी घूम रहे थे वह कार आरोपी सुजल की थी, जिस पर नकली नंबर प्लेट लगाकर वारदातों को अंजाम देते थे। बताया कि सुजल के खिलाफ लूट, छिनैती व चोरी का माल बरामद होने व आर्म्स एक्ट में एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

## दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से नीचे, तेजी से कम हो रहा है पानी; लेकिन बीमारियों का खतरा



**दिल्ली :** दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान 205.33 मीटर से नीचे पहुंच गई है। इससे नदी में पानी तेजी से कम हो रहा है। हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे सामान्य मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि दिल्ली से जल निकासी करीब चार गुना ज्यादा हो रहा है। इससे एक-दो दिन में बाढ़ प्रभावित इलाकों में जन जीवन सामान्य हो जाने की उम्मीद है। बाढ़ प्रभावित इलाके यमुना बाजार, मॉनेस्ट्री मार्केट से गाद निकाली जा रही है। लोगों के घरों में तीन-चार फुट तक गाद जमा है। इस सीजन में 4 अगस्त को यमुना का अधिकतम जलस्तर 207.48 मीटर तक पहुंचा, लेकिन तीन दिन बाद 7 अगस्त को ही स्थिति फिर से सामान्य होती नजर आई। 2023 में आई बाढ़ को देखते हुए ये माना जा रहा था कि इस बार भी जलभराव की स्थिति लंबी खिंच सकती है, लेकिन पहले से बाढ़ की तैयारियां पूरी होने के कारण स्थिति जल्दी सुधरती दिख रही है।

**बाढ़ से निपटने की तैयारियां रहीं कारगर**

आईटीओ सहित दिल्ली के सभी बैराज के गेट पहले ही पूरी तरह खोल दिए गए। इससे यमुना के बहाव में अवरोध नहीं पैदा हुआ। पिछली बाढ़ के लिए आईटीओ बैराज के बंद पड़े चार गेट और नदी के बहाव वाले रास्ते में दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल परियोजना के कारण पड़ी मिट्टी और निर्माण कचरा, बड़ी बाधा बने थे। इस कारण दिल्ली को बड़े पैमाने पर बाढ़ की मार झेलनी पड़ी।

### आईटीओ और रिंग रोड पर नहीं बंद हुआ ट्रैफिक

आईटीओ चौराहे पर करीब दो महीने पहले सीवेज सिस्टम को नए सिरे से बदला गया। इस कारण इस बार यमुना में बाढ़ के दौरान इस जगह पर सीवेज ओवरफ्लो के कारण जलभराव नहीं हुआ। 2023 में आईटीओ चौराहे से लेकर राजघाट-सराय काले खां फ्लाईओवर तक सड़क तालाब की तरह दिखती थी। कई बार ज्यादा जलभराव के कारण इस रूट पर ट्रैफिक भी बंद करना पड़ा। इस बार यहां बिल्कुल जलभराव नहीं हुआ।

### यमुना का जलस्तर घटा ...मुश्किलें नहीं

यमुना का जलस्तर कम होने से थोड़ी राहत तो जरूर मिली है लेकिन मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। बाढ़ पीड़ितों के लिए बिना संसाधन के टेंट में रात-दिन गुजारना परेशानी का सबब बनता जा रहा है। जलस्तर कम होते ही लोग पानी में गोता लगाते हुए अपने घरों की ओर जा रहे हैं ताकि बचा हुआ सामान निकाल सकें।

पीड़ितों का कहना है कि बाढ़ की वजह से जो कुछ भी था, सब बर्बाद हो चुका है। अब संसाधनों की कमी है। यमुना खादर निवासी सुमित कुमार ने बताया कि बाढ़ में सब कुछ खो दिया है। यहां तक कि जो जरूरी कागजात थे, जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और स्कूल की मार्कशीट के साथ अन्य सभी जरूरी प्रमाण पत्र सब यमुना में बह गए। वहीं, पुराना उस्मानपुर निवासी लवकुश ने बताया कि इन टेंटों में जिंदगी बसर करना बहुत मुश्किल है। खाने से लेकर पीने के पानी तक के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उसने कहा कि यहां कुछ एनजीओ वाले आते हैं, जो अभी मदद कर रहे हैं लेकिन यह नाकाफी है। टेंट में कुछ लोगों को खाना मिलता है कुछ को नहीं मिलता है। इसके अलावा कैंपों में चिकित्सा सेवाओं की भी कमी है।

### मच्छर से बढ़ रहा बीमारी का खतरा

बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि राहत शिविर में रात को मच्छर काटते हैं, जिससे यहां रात गुजारना किसी चुनौती से कम नहीं है। मच्छरजनित बीमारी होने की संभावना बढ़ रही है। राहत शिविर में मच्छरजनित बीमारियों को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से छिड़काव कराया जा रहा है।

## बिजली कर्मचारी के साथ बदमाशों ने की मारपीट

**फरीदाबाद।** गांव मोहना के पास ड्यूटी से घर लौट रहे बिजली कर्मचारी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला कर कर्मचारी को घायल कर दिया। थाना छांयसा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बलई निवासी अरुण ने बताया कि वह बिजली निगम के खेड़ी कलां सब डिवीजन में कर्मचारी है। तीन सितंबर की शाम को वह ड्यूटी से अपने घर लौट रहा था। मोहना गांव के पास पहुंचकर वह रोड किनारे खड़ा था तभी गांव अमरपुर निवासी रोहित लांबा, मानी रोहित उर्फ टीटू और कुलैना गांव निवासी गौरव उससे गाली-गलौज करने लगे। अरुण ने बताया कि कुछ समय पहले आरोपी रोहित लांबा और उसके चचेरे भाई सोनू लांबा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उसी का बदला लेने के लिए आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके ऊपर हमला कर दिया। परिजनों ने उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है।

## घरेलू सहायिका ने सोसाइटी के फ्लैट में लगाया फंदा

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना के अंतर्गत ओरिस सोसाइटी सेक्टर-85 के एक फ्लैट में घरेलू सहायिका ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लगा है। खेड़कीदौला थाने की पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी कविता (25 वर्ष) के रूप में हुई है। वर्तमान में वह परिवार वालों के साथ सिकंदरपुर में किराये पर रहती थी और घरों में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। शनिवार की शाम को उसने सेक्टर-85 स्थित ओरिस सोसाइटी के एक फ्लैट में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि घटनास्थल वाले कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, मृतका के परिवार वालों के बयान भी दर्ज किए गए हैं, जिसमें कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है।

## सड़क हादसे में बुलेट सवार की मौत

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे पर शनिवार की रात तेज रफ्तार बुलेट ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बुलेट सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया और युवक के परिजनों को भी हादसे के बारे में सूचना दी।

## द्वारका एक्सप्रेसवे के पास के गांवों के लोगों को टोल टैक्स मुक्त किए जाने की मांग



**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे पर जल्द ही टोल टैक्स शुरू होने वाला है। द्वारका एक्सप्रेसवे की सड़क बनाए जाने में दिल्ली और गुरुग्राम के किसानों की जमीनें गई हैं। दिल्ली और गुरुग्राम में टोल के पास के गांव और कॉलोनियों के निवासियों ने रविवार को द्वारका एक्सप्रेसवे टोल टैक्स की माफी की मांग को लेकर टोल के पास पंचायत की और सांकेतिक धरना दिया। इस मौके पर बजघेड़ा, बृजवासन, भरतल, बामदोली, धुल सरस, छावला, शाहबाद, बाबूपुर, जहाजगढ़, सरायअलावर्दी, चौमा, दौलताबाद, धनवापुर, खेड़की माजरा, धनकोट, न्यू पालम विहार और कई ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों ने प्रतिनिधियों ने इसमें हिस्सा लिया।

धरने में दादा मोटे कमेटी, धनंजय और रिशीराज राणा के नेतृत्व में हुई पंचायत में ग्रामीणों ने अपनी बात रखी। इस दौरान गुरुग्राम नगर निगम के पूर्व पार्षद रिशीराज राणा वार्ड पांच के राम अवतार राणा, वार्ड छह के पार्षद सतपाल, साई कुंज सोसाइटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राकेश राणा, प्रवीण आदि मौजूद थे।

## पत्नी ने पति समेत छह के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**गाजियाबाद।** तलाक होने से पहले पति ने पत्नी का उनकी बिना अनुमति के बायोडाटा मैट्रिमोनियल साइट पर अपलोड कर दिया। इससे नाराज पत्नी ने पति सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मधुबन बापूधाम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोरटा की आंचल अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी 19 अप्रैल 2018 को दिल्ली शाहदरा के आशीष गुप्ता के साथ हुई थी। पति सहित ससुर, सास, जेठ, जेठानी और नंद शादी में दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। दहेज की मांग की जा रही थी। अगस्त 2022 में ससुराल वालों ने उन पर व उनके भाई पर जानलेवा हमला किया। उनके भाई ने उस दौरान भी मधुबन बापूधाम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पति से उनका तलाक नहीं हुआ है। तलाक का मुकदमा कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली में चल रहा है। तलाक होने से पहले ही उनके व उनके परिवार की सहमति के बिना पति ने मैट्रिमोनियल साइट्स व फेसबुक पर शादी के लिए उनका बायोडाटा अपलोड कर दिया। बायोडाटा में उनका फोटो व उनके परिवार का मोबाइल नंबर डाल दिया। बायोडाटा से नंबर लेकर लोग उन्हें फोन करके परेशान कर रहे हैं। इससे उनके परिवार को सदमा पहुंचा है। वह मानसिक रूप से परेशान हैं। पीड़िता एक अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई थी।

## फरीदाबाद हादसे में तीन की मौत: घर में अउ फटने से लगी आग, पति-पत्नी और बेटी की गई जान; बेटे की हालत गंभीर

**फरीदाबाद :** फरीदाबाद की ग्रीनफील्ड कॉलोनी में मकान के बाहर लगे एसी की आउटडोर यूनिट में आग लगने से हादसा हो गया। घर के अंदर दम घुटने से पति, पत्नी व बेटी की मौत हो गई है। वहीं बेटे की हालत गंभीर है। ग्रीनफील्ड्स कॉलोनी के गेट संख्या 10 के अंदर बनी एक बिल्डिंग के एक फ्लैट में एसी यूनिटमें शॉर्ट शर्किट हो गया। जिसकी वजह से आग फैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में पति-पत्नी और बेटी की मौत हो चुकी है। फिलहाल, गंभीर हालत में बेटे को अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। मृतकों में पति- सचिन कपूर, पत्नी रिंकू और बेटी सुजान शामिल हैं। वहीं बेटे आर्यन का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बता दें कि पहली मंजिल पर एसी के बाद अंदर फ्लैट में आग फैली तो परिवार बचने के लिए नीचे आ गया। सीढ़ियों में धुंआ होने के चलते ये परिवार दूसरी मंजिल पर ही फंस गया। धुआं इतना भर गया कि अंदर दम घुटने से दंपति, बेटी और कुत्ते की मौत हो गई। युवक गंभीर हालत में है। इस बिल्डिंग में तीसरी मंजिल भी इसी परिवार की है। लेकिन वो खाली है।

## परिवार से लूट के दोषी को सात साल की कैद



**फरीदाबाद।** तमंचे के बल पर कार रुकवाकर परिवार से लूट के दोषी भूपेंद्र उर्फ सोनू को जिला अदालत ने सात साल कैद की सजा दी है। पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर उसे दोषी करार देते हुए अदालत ने फैसला सुनाया। दोषी पर 10,500 रुपये जुमार्ना भी लगाया गया है। वहीं मामले में दूसरे आरोपी यूपी अंबेडकर नगर निवासी रवि शुक्ला को जिला अदालत ने सबूतों व गवाहों के अभाव में बरी कर दिया है।

धौज थाने में मामले की एफआईआर 10 दिसंबर 2018 को दर्ज हुई थी। गुरुग्राम के मारुति विहार निवासी करनवीर सिंह नौ दिसंबर 2018 को अपने बच्चों के साथ कार से जा रहे थे। फरीदाबाद टोल के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे दिखाकर कार रुकवाने का प्रयास किया। करनवीर सिंह ने कार तेजी से चलाकर भागने का प्रयास किया लेकिन आरोपियों ने ओवरटेक कर बाइक कार के आगे लगा दी। आरोपियों ने ज्वेलरी, नकदी, डेबिट कार्ड व मोबाइल लूट लिए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

बाद में पुलिस ने भूपेंद्र उर्फ सोनू व रवि शुक्ला को दो अन्य मामलों में गिरफ्तार किया। उसी पूछताछ में दोनों ने लूटने की बात कबूली। पुलिस ने इनके खिलाफ चालान तैयार कर अदालत में पेश किया। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पुख्ता सबूत व गवाह पेश किए गए। बचाव पक्ष की ओर से दलीलें दी गईं। सभी पक्षों को सुनकर जिला अदालत ने रवि शुक्ला को बरी कर दिया है। वहीं भूपेंद्र उर्फ सोनू को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा दी है।

## स्ट्रोक और दिल के दौरे से उबारने में मददगार है फिजियोथेरेपी, चोट में भी कारगर



**दिल्ली :** स्ट्रोक और दिल के दौरे से उबारने में फिजियोथेरेपी मददगार है। सर्जरी, चोट और बीमारी के बाद शरीर की रिकवरी में भी फिजियोथेरेपी से सहायता मिलती है। यह दावा फिजियोथेरेपिस्ट का है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की फिजियोथेरेपी विभाग प्रमुख डॉ. पूजा सेठी ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने के बाद जब मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती होता है तो सर्जरी के बाद शारीरिक तौर पर सक्रिय करने के लिए फिजियोथेरेपी की जरूरत होती है।

कार्डियक रिहैब कार्यक्रम के तहत हृदय को मजबूत बनाने और सहनशक्ति बढ़ाने के लिए व्यायाम प्रशिक्षण दिया जाता है। बाईपास, एंजियोप्लास्टी, हार्ट ट्रांसप्लांट की सर्जरी कराने वाले मरीजों की भी फिजियोथेरेपी होती है। तीन-चार हफ्ते मरीज को सामान्य होने में लगते हैं। मल्टीपल स्कारलेसिस, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी और स्ट्रोक होने पर भी फिजियोथेरेपी की मदद से मरीज को चलने-फिरने के काबिल बनाया जा सकता है। उसके लिए मरीज को अलग-अलग व्यायाम कराएं जाते हैं।

उन्होंने बताया कि फिजियोथेरेपिस्ट आपकी शक्ति, संतुलन, समन्व्य और लचीलापन बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत व्यायाम कार्यक्रम तैयार करने में विशेषज्ञ होते हैं। इसमें कुछ व्यायाम ऐसे होते हैं जिन्हें घर पर भी आसानी से किया जा सकता है। इसमें कुर्सी से बैठने और खड़े होने के व्यायाम में स्क्वैट्स करना, खड़े होकर वस्तुओं तक पहुंचना, विभिन्न दिशाओं में कदम उठाना, अलग-अलग गति और परिस्थितियों में चलना शामिल है। इसके अलावा जमीन से उठना, चलना, योग और संतुलन बढ़ाने वाले व्यायाम भी लाभदायक होते हैं।

वैश्विक तौर पर 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 12 फीसदी लोगों में कमजोरी का मूल्यांकन किया गया है। लगभग 46 फीसदी लोगों में कमजोरी की पूर्व अवस्था मिली। इस कमजोरी को भी फिजियोथेरेपी की मदद से दूर किया जा सकता है।

### रोबोटिक स्कैनिंग लेजर से मिलेगी थेरेपी

डॉ. पूजा सेठी बताया कि अस्पताल में आठ सितंबर को रोबोटिक स्कैनिंग लेजर और डीप ऑसिलेशन थेरेपी का शुभारंभ किया जा रहा है। रोबोटिक स्कैनिंग लेजर के जरिये पूरे शरीर की स्क्रीनिंग कर सकेंगे। इससे शरीर के दर्द वाले हिस्से की पहचान में मदद मिलेगी और लेजर से थेरेपी दी जा सकेगी। साथ ही मरीजों के लिए डीप ऑसिलेशन थेरेपी सुविधा की शुरूआत की जा रही है।

## बैंक का डीएसए अधिकारी बन तीन लोगों से ठगे 7.50 करोड़

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर दो ए निवासी राजेंद्र वर्मा, उनके परिचित पंकज पाराशर और प्रिंस त्यागी से दो लोगों ने बैंक से नीलाम होने वाली संपत्ति कम दाम में दिलाने का झांसा देकर 7.50 करोड़ की ठगी कर ली। पीड़ितों का आरोप है कि शक्तिखंड चार निवासी चंद्रभान रावत और दुहाई निवासी प्रवीण चौधरी ने खुद को अलग-अलग निजी बैंकों का डायरेक्ट सेलिंग एजेंट (डीएसए) बताया था। आरोपियों ने वैशाली सेक्टर एक में अपना कार्यालय भी खोल रखा था। दोनों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने छह सितंबर की रात मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज मुकदमे में राजेंद्र वर्मा ने बताया कि चंद्रभान रावत और प्रवीण ने खुद को कई निजी बैंकों का डीएसए बताया। इसके बाद बताया कि वह बैंक की तरफ से होने वाली नीलामी में बिकने वाली संपत्तियों का सौदा कम दाम में करवा सकते हैं।

आर्चरीः

# भारतीय पुरुष कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने रचा इतिहास

## विश्व चैंपियनशिप में पहली बार जीता स्वर्ण पदक




**गवांग्जू, एजेंसी।** ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और खिताबी मुकाबले में फ्रांस को 235-233 के अंतर से हराया। भारतीय पुरुष कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम ने विश्व चैंपियनशिप में रविवार को फ्रांस को हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और खिताबी मुकाबले में फ्रांस को 235-233 के अंतर से हराया। भारत ने फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और तुर्किये पर भी प्रभावशाली जीत दर्ज की थी।

### ज्योति-ऋषभ की मिश्रित टीम को मिला रजत पदक

इससे पहले, ज्योति सुरेखा वेनम और ऋषभ यादव की मिश्रित टीम जोड़ी को फाइनल में नीदरलैंड्स के खिलाफ 155-157 से हार का सामना कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। लेकिन 23 वर्षीय ऋषभ ने इसके बाद सैनी और प्रथमेश के साथ मिलकर पुरुष कम्पाउंड टीम का खिताब अपने नाम किया। तीसरे सेट के बाद स्कोर 176-176 पर बराबर था, लेकिन दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने निर्णायक दौर में 59 अंक बटोरी, जबकि फ्रांस 57 अंक ही हासिल कर सकी। इस तरह भारत ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# बीसीसीआई ने 5 सालों में की रिकॉर्डतोड़ कमाई, पिछले साल कमाए 4,193 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को मौजूदा समय में विश्व का सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड कहा जाता है. दुनिया का कोई भी क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई से ज्यादा पैसा नहीं कमाता है. यही वजह है कि भारतीय क्रिकेटरों को भी दुनियाभर में सबसे ज्यादा सैलरी मिलती है. बीसीसीआई की इनकम को लेकर एक ताजा रिपोर्ट सामने आई है, जो वाकई हैरान करने वाली है. रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई ने पिछले पांच सालों में बंपर कमाई की है. बीसीसीआई ने पिछले 5 सालों में 14,627 करोड़ रुपये कमाए हैं. इनमें से 4,193 करोड़ रुपये पिछले वित्तीय वर्ष में ही आए हैं. इस प्रकार बीसीसीआई का बैंक बैलेंस 20,686 करोड़ रुपये हो गया है. एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है. चक्रिकबज' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य इकाइयों को सभी बकाया राशि का भुगतान करने के बाद भी, सामान्य कोष में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई और 2019 में यह कोष 3,906 करोड़ रुपये का था, जो 2024 में बढ़कर लगभग दोगुना यानी 7,988 करोड़ रुपये हो गया है. ये आंकड़े राज्य एसोसिएशन के साथ शेयर किए गए हैं ।

# बिहार के उमेश विक्रम ने पूरी दुनिया में लहराया परचम...

## पैरा बैडमिंटन में बन गए वर्ल्ड नंबर 1



**जमशेदपुर, एजेंसी।** भारत के लिए पैरा बैडमिंटन में बड़ी खबर है। बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले और जमशेदपुर से जुड़े उमेश विक्रम कुमार दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी बन गए हैं। बीडब्ल्यूएफ की जारी ताजा रैंकिंग में उन्हें पुरुष एकल वर्ग में विश्व नंबर 1 घोषित किया गया है। यह भारत और खासकर बिहार- झारखंड के लिए गर्व का बड़ा पल है।

### पूरा साल रहा उमेश विक्रम के नाम

साल 2025 उमेश विक्रम के लिए शानदार रहा। उमेश विक्रम कुमार ने जनवरी में मिस्र की चैम्पियनशिप में उन्होंने एकल में स्वर्ण पदक और युगल में रजत पदक जीता। इसके बाद मार्च में स्पेन चैम्पियनशिप में रजत, मई में दुबई चैम्पियनशिप में एकल और युगल दोनों में रजत और जून में बहरीन चैम्पियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया।

महिला एशिया कप 2025

# भारत और जापान के बीच मैच 2-2 से ड्रॉ रहा




**हांगझोउ, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने हॉकी एशिया कप में दमदार प्रदर्शन करते हुए जापान के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रॉ करा लिया। भारत के लिए रुतुजा दादासो पिसल (30वें मिनट) और नवनीत कौर (60वें मिनट) ने गोल किए। जापान के लिए हिरोका मुरायामा (10वें मिनट) और चिको फुजीबयाशी (58वें मिनट) ने गोल किए। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय है। थाईलैंड के खिलाफ पहला मैच टीम इंडिया ने 11-0 से जीता था। मैच में भारतीय टीम ने तेज शुरुआत की थी, लेकिन जापान की रक्षात्मक पंक्ति ने शानदार तरीके से भारतीय आक्रमण को रोका। जापान के लिए हिरोका मुरायामा (10वें मिनट) ने पहला गोल किया। जापान ने 1-0 की बढ़त बना ली और पहले क्वार्टर में भारत पर बढ़त बनाए रखी। ब्रेक के बाद, भारतीय टीम ने बराबरी के लिए आक्रामक रुख अपनाया। पहले हाफ के आखिरी मिनटों में रुतुजा दादासो पिसल (30वें मिनट) ने गोल किया और मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। ब्रेक तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। दूसरे हाफ की शुरुआत में दोनों टीमें सतर्क रुख अपनाते हुए खेलीं ताकि कोई भी बढ़त न खो दे। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर जोरदार प्रहार किए लेकिन ब्रेक तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा। अंतिम क्वार्टर में, दोनों टीमों ने निर्णायक जीत की तलाश में आक्रमण को तेज किया। जापान का दबाव शुरुआत में ही रंग लाया और उन्होंने अंतिम हूटर से कुछ मिनट पहले गोल कर दिया। चिको फुजीबयाशी (58वें मिनट) को पेनल्टी स्ट्रोक मिला और उन्होंने गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। भारत के लिए नवनीत कौर पेनल्टी कॉर्नर पर (60वें मिनट) गोल दागा। इस गोल से भारतीय टीम ने 2-2 से बराबरी हासिल की और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत का अगला मुकाबला 8 सितंबर को भारतीय समयानुसार दोपहर 12ः00 बजे सिंगापुर से होगा।

# साथी खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत देख चेहरे पर मुस्कान आ गई : सूर्यकुमार यादव




**दुबई, एजेंसी ।** एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम दुबई पहुंच चुकी है। बतौर कप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए यह पहला बड़ा टूर्नामेंट है। इसलिए वे काफी उत्साहित हैं। भारतीय टीम एशिया कप के लिए दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में अभ्यास शुरु कर चुकी है। फील्ड पर खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करता देख भारतीय कप्तान बेहद खुश हैं। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि भारतीय टीम के शानदार खिलाड़ियों को अपने पहले अभ्यास सत्र में कड़ी मेहनत करते देखकर उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। बीसीसीआई टीवी पर शनिवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो में सूर्यकुमार यादव ने कहा, अविश्वसनीय कौशल वाले इतने शानदार खिलाड़ियों को मैदान पर देखकर मेरे चेहरे पर हमेशा मुस्कान आ जाती है, वे अपना पूरा दमखम लगाते हैं और मुझे लगता है कि मैं उनसे यही चाहता हूं। उप कप्तान शुभमन गिल ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन ग्रुप है, और जिस तरह से हम टी20 में खेल रहे हैं, वो मनोरंजक और शानदार है। टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम को चैंपियन बनाने के बाद पहली बार इस फॉर्मेट में वापसी कर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मैं लंबे समय के बाद टी20 ग्रुप में शामिल हुआ हूं। टीम में युवा और ऊर्जावान खिलाड़ी हैं। टूर्नामेंट रोमांचक होने वाला है।

भारतीय टीम एशिया कप में ग्रुप ए में पाकिस्तान, यूएई और ओमान के साथ शामिल है। भारत अपने ग्रुप ए मैचों की शुरुआत 10 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 14 सितंबर को उसी मैदान पर पाकिस्तान से भिड़ेगा। इसके बाद 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में ओमान से मुकाबला होगा। ग्रुप की दो शीर्ष टीमें सुपर 4 में जाएंगी। ग्रुप ए की दोनों शीर्ष टीमों के बीच 21 सितंबर को मैच खेला जाना है। संभवतः यह मैच भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। इसके बाद दोनों टीमों का सामना फाइनल में हो सकता है। 9 सितंबर से शुरू हो रहे टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है।

एशिया कप हॉकी

# भारत का जलवा, चीन पर 7-0 की धमाकेदार जीत से फ़ाइनल में प्रवेश




**राजगीर, एजेंसी।** भारत ने एशिया कप हॉकी 2025 के सुपर-4 चरण के अपने आखिरी मैच में चीन को 7-0 से रौंदकर फ़ाइनल में धमाकेदार एंट्री कर ली है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया का आत्मविश्वास चरम पर पहुँच गया है। फ़ाइनल में उसका मुकाबला मेज़बान दक्षिण कोरिया से होगा। पहले हाफ़ से ही भारतीय खिलाड़ियों ने मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली थी। शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह और मंदीप सिंह ने शानदार फील्ड गोल करते हुए भारत को 3-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ़ में भारत का आक्रामक अंदाज़ और तेज़ हुआ। राजकुमार पाल और सुखजीत सिंह ने गोल दागे, जबकि अभिषेक नैन ने दो गोल कर चीन को पूरी तरह बैकफ़ुट पर धकेल दिया। भारत अब चौथी बार एशिया कप जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगा। दिलचस्प बात यह है कि टीम दूसरी बार घरेलू धरती पर इस खिताब को जीतने की कोशिश करेगी।

# संजू सैमसन के हाथ लगेगी निराशा...

## जितेश शर्मा बने गौतम गंभीर की पहली पसंद, UAE के खिलाफ खेलना तय!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ी दुबई पहुंच चुके हैं. टीम इंडिया अपना शुरुआती मुकाबला 10 सितंबर (बुधवार) को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी. इस मुकाबले से पहले सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ी आईसीसी एकेडमी ग्राउंड में जमकर अभ्यास कर रहे हैं. अब भारतीय टीम से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है. ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक यूएई के खिलाफ भारत के ओपनिंग मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जितेश शर्मा खेलते नजर आ सकते हैं. उन्हें संजू सैमसन पर तव्वजो मिलने की संभावना है. शुभमन गिल के टी20 सेटअप में वापसी करने के बाद से ही सैमसन को लगातार सवाल उठ रहे हैं.




शुभमन गिल उप-कप्तान हैं और वो अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग करने वाले हैं. ऐसे में संजू सैमसन के लिए प्लेइंग-11 में जगह बनाना मुश्किल है. सैमसन हालिया समय में टी20 इंटरनेशनल में ओपनिंग करते आए हैं. गिल की टी20 टीम में वापसी के बाद सैमसन को मिडिल ऑर्डर में विकेटकीपर बल्लेबाज की जगह के लिए जितेश शर्मा से टक्कर लेनी पड़ रही है.

**आईपीएल 2025 में छा गए थे जितेश शर्मा**

ऐसा लगता है कि जितेश शर्मा टीम मैनेजमेंट की पहली पसंद बनकर उभरे हैं. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में जितेश ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए फिनिशर की भूमिका निभाई थी. उन्होंने 11 पारियों में 37.28 की औसत और 176.35 के स्ट्राइक रेट से 261 रन बनाए थे. लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तो जितेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 85 रन कूटे, जिसके चलते आरसीबी ने 228 रनों का लक्ष्य हासिल किया था.

जितेश शर्मा ने भारत के लिए अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मुकाबला जनवरी 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था. जितेश ने अब तक 7 टी20 मैचों में 100 रन बनाए हैं. उधर संजू सैमसन केरल क्रिकेट लीग 2025 में शानदार फॉर्म में रहे. उन्होंने 5 पारियों में 73.60 की औसत से 368 रन बनाए. हालांकि सैसमन ने 5 में से चार पारियों में ओपनिं की. एक इनिंग्स में जब वो नंबर-6 पर उतरे तो 22 बॉल पर 13 रन बना सके ।

यूएस ओपनः

# ग्रैंडस्लैम में 100वीं जीत के साथ सबालेंका ने बरकरार रखा यूएस ओपन का खिताब, हासिल की उपलब्धियां



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** सबालेंका ने इस खिताबी के साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। वह ओपन एरा की तीसरी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने पहले चार ग्रैंडस्लैम हार्ड कोर्ट पर जीते हैं। विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमांडा एनिसोवा को हराकर वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन में खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। सबालेंका ने महिला एकल के फाइनल में एनिसोवा को एक घंटे 34 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में 6-3, 7-6(3) से हराया। सबालेंका का यह चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब है।

**नंबर एक का ताज बरकरार** - सबालेंका ने फाइनल में आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 13 विनर्स लगाए और 15 बेजां भूलें की। दूसरी ओर, एनिसोवा ने 29 बेजां भूलें की और सात डबल फॉल्ट किए। पहले सेट में कड़े संघर्ष के बाद सबालेंका ने अपने अनुभव का भरपूर इस्तेमाल किया। दूसरे सेट में भी सलाबेंका अमेरिकी युवा अनिसिमोवा से बीस साबित हुईं और उन्होंने लगातार सेटों में जीत दर्ज की। सबालेंका ने इस दौरान चार बार सर्विस गंवाई, हालांकि खिताबी जीत के साथ उन्होंने नंबर एक का ताज भी बरकरार रखा है, जबकि हार के बावजूद एनिसोवा चौथे स्थान पर पहुंच जाएंगी।

**शुरुआती चार ग्रैंडस्लैम हार्ड कोर्ट पर जीते** - सबालेंका ने इस खिताबी के साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। वह ओपन एरा की तीसरी खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने पहले चार ग्रैंडस्लैम हार्ड कोर्ट पर जीते हैं। इस मामले में उन्होंने नाओमी ओसाका और किम क्लीस्टर की बराबरी कर ली है। ओसाका ने अपने करियर में यूएस ओपन (2018 और 2020) तथा ऑस्ट्रेलियान ओपन (2019, 2021) जीते हैं। क्लीस्टर ने 2005, 2009 और 2010 में यूएस ओपन तथा 2011 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था।

**सेरेना विलियम्स की बराबरी पर पहुंचीं** - सबालेंका ओपन एरा की दूसरी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फाइनल में अपने ग्रैंडस्लैम करियर का 100वां मुकाबला जीता है। इससे पहले यह उपलब्धि इगा स्वियातेक ने विंबलडन के दौरान हासिल की थी। दोनों खिलाड़ियों ने फाइनल में एनिसोवा को हराकर ग्रैंडस्लैम करियर का 100वां मैच जीता। वहीं, 2012-2014 में सेरेना विलियम्स के बाद यूएस ओपन के महिला एकल वर्ग में लगातार दो खिताब जीतने वाली सबालेंका पहली खिलाड़ी हैं। सबालेंका से पहले ओपन एरा में चुनिंदा खिलाड़ियों ने ही यह उपलब्धि हासिल की है। इस सूची में सेरेना विलियम्स (2012-2014), किम क्लीस्टर (2009-2010), वीनस विलियम्स (2000-2001), मोनिका सेलेस (1991-1992), स्टेफी ग्राफ (1988-1989, 1995-1996), मार्टिना नावरातोलोवा (1983-1984, 1986-1987) और क्रिस एवर्ट (1975-1978) शामिल हैं।

# पहले दौर से बाहर होने के बाद मुक्केबाज लवलीना ने ट्रेनिंग पर जताई निराशा, खड़े किए सवाल

**लिवरपूल, एजेंसी।** लवलीना ने पेरिस ओलंपिक और उसके बाद के मुकाबलों के लिए तैयारी के दौरान कम अनुभव मिलने पर अफसोस जताया और टोक्यो खेलों से पहले मिली सहयोग प्रणाली से तुलना की। भारत की स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन का प्रदर्शन विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अच्छा नहीं रहा था और उन्हें पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद लवलीना ने ट्रेनिंग पर निराशा जताई और सवाल खड़े किए। लवलीना ने ट्रेनिंग के कम अवसर मिलने पर सवाल खड़े किए और कहा कि उन्हें हमेशा वह ट्रेनिंग नहीं मिलती जो उन्हें चाहिए होती है।

### लय में नहीं दिखीं लवलीना

एक साल से अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी करने वाली टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना शनिवार को 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में तुर्किये की बुसरा इस्लिदार के खिलाफ 0-5 की हार के दौरान लय में नहीं दिखी। इस 27 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने पेरिस ओलंपिक और उसके बाद के मुकाबलों के लिए तैयारी के दौरान कम अनुभव मिलने पर अफसोस जताया और टोक्यो खेलों से पहले मिली सहयोग प्रणाली से तुलना की।

लवलीना ने एक्स पर लिखा, एक साल बाद मैंने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मैं अपने पहले ही मुकाबले में हार गई, इससे पीड़ा पहुंचती है। मुझे खेद है कि मैं इस बार ऐसा नहीं कर पाई। लेकिन सभी जानते हैं कि मैं कभी भी किसी और चीज के लिए नहीं लड़ती, सिर्फ अपनी ट्रेनिंग के लिए। मैं कभी विलासिता की चीजें नहीं मांगती। मैं सिर्फ अच्छी ट्रेनिंग मांगती हूं।



### लवलीना बोलीं- बार-बार खुद को साबित करना पड़ता है

उन्होंने कहा, टोक्यो ओलंपिक से पहले हमारे पास अच्छे अंतरराष्ट्रीय शिविर थे। मैं ट्रेनिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय स्परिंग जोड़ीदार के लिए अनुरोध करती थी लेकिन पेरिस ओलंपिक से पहले मुझे बहुत कम प्रतियोगिताएं और बहुत कम अंतरराष्ट्रीय शिविर का मौका मिला। अच्छे जोड़ीदार के बिना मैं खुद को कैसे बेहतर बना सकती हूं? पेरिस ओलंपिक में भी मैं अकेली थी। मुझे खुद को बार-बार साबित करना पड़ता है। और सभी जानते हैं कि खेल में मानसिक शक्ति उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी शारीरिक शक्ति। फिर भी अपने देश के लिए सब कुछ देने के बाद भी मुझे हमेशा वह ट्रेनिंग या कोच नहीं मिलता जो मुझे सच में चाहिए। मैं हर लड़ाई में अकेले ही मुश्किलों का सामना करती हूं। मुझे बताओ क्या यह सही है कि मैं हमेशा अपना सिर झुकाए रखूं, सब कुछ होने के बावजूद चुपचाप ट्रेनिंग करती रहूं? लवलीना ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह मौजूदा कोच की आलोचना नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं मौजूदा कोच और टीम के सदस्यों को दोष नहीं दे रही। उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है और मेरी मदद करने की कोशिश की है। लेकिन हां, कुछ नया सीखने में हमेशा थोड़ा और समय लगता है।

# मप्र सरकार को देना पड़ेगा 25 लाख का मुआवजा

**सजा की अवधि पूरी होने के बाद भी 4 साल 7 महीने ज्यादा जेल में रहा दोषी**

- **नाजकी ने पुलिस और लीगल एड टीम से बातचीत की। तो 6 जून 2025 को वह जेल से छूट गया। बाद में मुआवजा मांगा तो कोर्ट ने देखा कि साढ़े चार साल अतिरिक्त जेल में रखा।**



**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने एक रेप के मामले में दोषी को 4 साल 7 महीने अतिरिक्त जेल में रखने के मामले में मप्र सरकार को 25 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है। सागर जिले के इस मामले में आरोपी को सात साल की सजा सुनाई गई थी। लेकिन, सजा की अवधि पूरी होने के बाद भी उसे 4 साल 7 महीने ज्यादा जेल में रहना पड़ा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने मध्य प्रदेश राज्य की लापरवाही के लिए कड़ी फटकार लगाते हुए यह आदेश पारित किया, जिसके कारण दोषी को ज्यादा समय तक जेल में रहना पड़ा। शुरूआत में जब मप्र राज्य को नोटिस जारी किया गया तो अदालत ने कहा था कि दोषी ने 8 साल अतिरिक्त कारावास की सजा काटी है। हालांकि, अदालत को सीनियर एडवोकेट नचिकेता जोशी (मध्य प्रदेश राज्य की ओर से) ने बताया कि दोषी कुछ समय से जमानत पर बाहर है। न्यायालय ने दोषी के वकील महफूज ए. नाजकी (दोषी की ओर से) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दोषी द्वारा 4.7 साल की अतिरिक्त कारावास की सजा को ध्यान में रखते हुए मुआवजा दिया।

### ट्रायल कोर्ट ने दी थी उम्रकैद की सजा

मध्य प्रदेश के सागर जिले के सोहन सिंह उर्फ बबलू को रेप के मामले में ट्रायल कोर्ट ने 2004 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ सोहन सिंह ने मप्र हाईकोर्ट में अपील दायर की। अक्टूबर 2007 में हाईकोर्ट ने सजा को उम्रकैद से घटाकर 7 साल कर दी थी। 2021 में वो सजा के सात साल पूरे हो गए। लेकिन, सोहन की रिहाई नहीं हुई। लीगल एड के जरिए वरिष्ठ अधिवक्ता महफूज ए नाजकी के पास इस केस की फाइल पहुंची। नाजकी ने पुलिस और लीगल एड टीम से बातचीत की। तो 6 जून 2025 को वह जेल से छूट गया। बाद में मुआवजा मांगा तो कोर्ट ने देखा कि साढ़े चार साल अतिरिक्त जेल में रखा। इस मामले में मप्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट ने 25 लाख का जुमार्ना लगाते हुए पीड़ित को मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने इसे गंभीर चूक बताते हुए कहा कि इस तरह की अवैध हिरासत किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने माना प्रशासनिक विफलता

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने इसे काफी चिंताजनक और गंभीर प्रशासनिक विफलता बताया। राज्य सरकार, गृह विभाग, कारागार महानिदेशक और संबंधित जेल अधीक्षक से पूछा गया कि सजा पूरी होने के बाद भी रिहाई क्यों नहीं हुई? कस्टडी सर्टिफिकेट/ सेंटेंस कैलकुलेशन शीट, पैरोल-रिमिशन और अदालत के आदेशों के पालन की पूरी फाइल आज पेश करने को कहा गया था। कोर्ट ने तमाम दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया।

# सेवा भारती ने किया साप्ताहिक सुपोषण कार्यक्रम का उद्घाटन



**इटारसी।** सेवा भारती द्वारा साप्ताहिक सुपोषण कार्यक्रम का उद्घाटन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष श्री सतीश सांवरिया जी ने सेवा भारती द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों व आयाम के बारे में अवगत कराते हुए सेवा भारती द्वारा सुपोषण सप्ताह के बारे में बताया। मुख्य वक्ता के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजया टिकारिया उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों को बताया कि पोषण आहार कैसे होते हैं और उन्हें कितनी मात्रा में और कब-कब लेना चाहिए, ताकि बच्चों का शारीरिक तथा मानसिक विकास हो सके। बच्चों को जंक फूड तथा पैक्ड फूड से दूरी बनाने की सलाह के साथ महावारी के दौरान बरतने वाली सावधानियों से बच्चों को अवगत कराया एवं उनका हीमोग्लोबिन टेस्ट समय-समय पर करने की बात कही एवं उन्होंने कहा जहां बच्चों को उनकी आवश्यकता होगी, वह उनके लिए हमेशा उपलब्ध रहेगी। युवाम सेवा भारती के जिला संयोजक श्री आशीष भदौरिया जी ने पूरे सप्ताह तक 8 सितंबर से 14 सितंबर तक चलने वाले आयोजन के बारे में विस्तार से चर्चा की उन्होंने बताया कि 8 सितंबर को उद्घाटन सत्र, 9 सितंबर को स्वच्छता अभियान, गोद भराई एवं नशा मुक्ति अभियान, 10 सितंबर को निबंध लेखन, चित्रकारी प्रतियोगिता, सुविचार लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं खेलकूद प्रतियोगिता, 11 सितंबर को दीवार लेखन प्रतियोगिता, पत्रक वितरण कार्यक्रम, 12 सितंबर को योगाभ्यास एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, 13 सितंबर को नुक्कड़ नाटक एवं सोशल मीडिया कार्यक्रम तथा 14 सितंबर को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया जाएगा। स्कूली छात्र-छात्राओं को फल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष भदौरिया द्वारा एवं आभार स्कूल के प्राचार्य सतीश खलगो द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्णकालिक देवेंद्र धुर्वे, स्कूल की उप प्रधानाचार्य श्रीमती शिवि सूद, माध्यमिक शाला के प्राचार्य महेश रैकवार, पार्षद कीर्ति दुबे, युवाम सेवा भारती के नगर संयोजक तुषार कोठारी, नगर सह संयोजक जीतू राजपूत, रमेश जगदेव, राजू अग्रवाल,प्रकाश केवट,सीमा सोनी, जागृति भदोरिया, रेखा अग्रवाल, आरती चौधरी, रानी रजक, सरला लोट, कमला तिवारी, अचला घन एवं स्कूल की सभी छात्राएं उपस्थित थी।

# नशे के खिलाफ उठाए गए कदमों को सराहा

**सिंगर मीका सिंह ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की मुलाकात**



**भोपाल।** बॉलीवुड के मशहूर गायक मीका सिंह सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके निवास स्थान, समत्व भवन, भोपाल में सौजन्य मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मीका सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा नशीली दवाओं और शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की जमकर सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मुलाकात की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि भोपाल निवास पर प्रसिद्ध गायक मीका सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात में मीका सिंह ने विशेष रूप से युवाओं को नशे और नशीली दवाओं की लत से बचाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और सामाजिक सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा की। मीका सिंह ने हाल ही में अपने एनजीओ, डिवाइन फाउंडेशन, के माध्यम से पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भी सक्रिय योगदान दिया है। उन्होंने अब तक एक लाख से अधिक बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री प्रदान की है और उनका लक्ष्य 10 लाख से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाना है। इस मुलाकात में भी उन्होंने सामाजिक कार्यों और जनकल्याण के मुद्दों पर मुख्यमंत्री के साथ विचार-विमर्श किया। रविवार को शो के दौरान मीका दर्शकों को पंजाबी अंदाज में सतश्री काल भोपाल! कहकर रूबरू हुए और धमाकेदार अंदाज में दमा दम मस्त कलंदर गाने से शुरूआत की। पहले ही गाने पर डांस फ्लोर थिरक उठा और जब मीका ने सावन में लग गई आग छेड़ा, तो पूरा क्लब झूम उठा। इसके बाद उन्होंने अपने अंदाज में भोपाल न सोया सारी रात गाकर माहौल को और गरमा दिया। पार्टी का जोश तब और बढ़ा जब मीका ने भोपाल का मौसम बदलेगी और लैला तेरी ले लेगी सुनाया। भीड़ हूटिंग और तालियों से गूंज उठी। फैशन-लवर्स और युवाओं ने देर रात तक डांस फ्लोर पर थिरकते हुए इस म्यूजिक नाइट को मिनी फेस्टिवल में बदल दिया। मीका ने ऑडियंस से कनेक्ट होते हुए कहा कि आप सब सूरमा भोपाली हो और आज की ये रात आप सबके नामज् लव यू भोपाल! लेट नाइट तक चली इस पार्टी में मीका ने अपना लेटेस्ट ट्रैक लवर बॉय भी सुनाया। क्लब की ग्लिटरिंग लाइट्स, डीजे एनकेडी का हाई-वोल्टेज म्यूजिक और मीका का चार्म मिलकर इस शो को यादगार बना गए।

# क्षत्रिय क्रांति महासम्मेलन, 10 सूत्रीय मांगें हुई घोषित

**क्षत्रिय करणी सेना ने उठाई समाज, किसान, युवाओं और धर्म-संस्कृति की रक्षा की मांग**



**भोपाल।** पत्रकार वार्ता में क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत, मध्यप्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा और प्रदेश उपाध्यक्ष आशु सिंह ने सरकार के समक्ष 10 सूत्रीय प्रमुख मांगों को रखते हुए स्पष्ट किया कि समाज के सम्मान, युवाओं के भविष्य, किसानों की समस्याओं, धर्म-संस्कृति की रक्षा तथा देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे वीर जवानों के हित में अब ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य को लेकर समस्त क्षत्रिय समाज द्वारा आगामी दिनों में भोपाल में ₹क्षत्रिय क्रांति महासम्मेलन₹ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशभर के क्षत्रिय संगठनों एवं समाज के प्रबुद्धजनों को सादर आमंत्रित किया गया है। डॉ. शेखावत ने कहा कि यह सम्मेलन केवल समाज की बात नहीं करेगा, बल्कि देश और धर्म की रक्षा की दिशा में ठोस रणनीति तय करेगा। इस महासम्मेलन में महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश प्रभारी राहुल सिंह राजपूत तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र (डेवल) सिंह राणा की प्रमुख भूमिका रहेगी। संगठन ने यह स्पष्ट किया है कि अब केवल ज्ञापन नहीं, बल्कि आंदोलन की नीति पर समाज चलेगा और सरकार को इन मुद्दों पर जवाब देना होगा। प्रेस वार्ता में संगठन द्वारा जिन 10 सूत्रीय मांगों की घोषणा की गई, वे इस प्रकार हैं: (1) हरदा प्रकरण में दोषी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। (2) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) आरक्षण को 10% से बढ़ाकर 20% किया जाए तथा प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल और ऑनलाइन किया जाए। (3) अग्निवीर योजना को समाप्त कर पूर्ववत स्थायी सेना भर्ती प्रणाली बहाल की जाए, जिसमें सभी सुविधाएं पूर्व की तरह दी जाएं। (4) गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए, गौ रक्षा हेतु कठोर कानून बनाए जाएं और गौशालाओं में व्यापक सुधार हो। (5) राजनीतिक भागीदारी में क्षत्रिय समाज को उसकी जनसंख्या के अनुपात में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए। (6) किसानों के हित में सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को कानूनी दर्जा दिया जाए और फसल नुकसान पर समय पर मुआवजा दिया जाए। (7) देश के इतिहास एवं संस्कृति की रक्षा की जाए, महापुरुषों के अपमान को रोका जाए तथा भोजशाला रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। (8) आरक्षण की समीक्षा की जाए और इसका आधार केवल आर्थिक स्थिति हो ताकि लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को मिले। (9) एट्रोसिटी एक्ट में सुधार करते हुए उसके दुरुपयोग पर रोक लगाई जाए और गिरफ्तारी केवल दोष सिद्ध होने पर ही की जाए। (10) मठ-मंदिरों की जमीन मंदिरों के नाम दर्ज की जाए तथा अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि ये मांगें केवल क्षत्रिय समाज की नहीं, बल्कि राष्ट्र, धर्म, किसान, जवान और युवाओं के भविष्य से जुड़ी हुई हैं और यदि सरकार ने समय रहते इन पर विचार नहीं किया, तो समाज सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेगा।

# 14 साल की स्कूली छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**परिवार में इकलौती बेटी थी किशोरी**

- **हादसे की सूचना जितेंद्र को देने के साथ ही जैसै-तैसे उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने शुरूआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया।**



**भोपाल।** शहर के कोहेफिजा थाना इलाके के लालघाटी में स्थित ओम नगर कॉलोनी में रहने वाली 14 साल की स्कूली छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से फिलहाल खुदकुशी का सही कारण साफ नहीं हो सका है। लेकिन पुलिस की शुरूआती जॉच में सामने आया है, कि छात्रा के माता-पिता का तलाक हो चुका है, वह अपने पिता, दादा- दादी के साथ रहती थी। माता-पिता के तलाक के बाद वह काफी तनाव में रहती थी, और काफी गुस्सा भी करती थी। फिलहाल कोहेफिजा पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ओमनगर कॉलोनी में रहने वाले जितेंद्र खूशलानी व्यापारी है। उनका अपनी पत्नी से तलाक हो चुका है, और उनकी इकलौती बेटी रेचल खूशलानी (14) उनके पास ही रहते हुए घर के पास ही एक निजी स्कूल से पढ़ाई कर रही थी। पिता के कारोबार के चलते छात्रा अधिकतर समय अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। उसका घर में कमरा भी अलग था। बीते दिन जितेंद्र काम के चलते रोजाना की तरह सुबह के समय घर से निकल गए थे। घर में दादा- दादी और उनकी बेटी थी। शाम के समय दादा ने कमरे में जाकर देखा तो उन्हें रेचल का शरीर फंदे पर लटका नजर आया। हादसे की सूचना जितेंद्र को देने के साथ ही जैसै-तैसे उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने शुरूआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंप दिया है। जॉच टीम ने बताया की फिलहाल सदमें में होने के कारण परिजनो के बयान दर्ज नहीं किये जा सके है। शुरूआती जॉच में सामने आया है कि मां- पिता के तलाक होन के बाद से रेचल काफी गुस्सेल स्वभाव की हो गई थी। अधिकतर वह अपने कमरे में अकेली रहती थी। आंशका है की इसी तनाव के कारण उसने यह कदम उठाया होगा। फिलहाल पुलिस का कहना है की जॉच पूरी होने के बाद ही सही कारणो का खुलासा

# हिंदी में कराएंगे डॉक्टरी की पढ़ाई

**बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोले सीएम...**



**भोपाल।** भोपाल के बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा साफा हमारी संस्कृति का प्रतीक है। मध्य प्रदेश में डॉक्टर की पढ़ाई राष्ट्र भाषा में कराएंगे। शिक्षा ही मानवता को विकसित करती है। कुलपति की जगह कुलगुरु बढ़ा रहे हैं विश्वविद्यालय की शोभा। रोजगार परक कोर्स प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शुरू हो रहे हैं। झाबुआ में भी मेडिकल कॉलेज तैयार हो रहा है। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगु भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार कार्यक्रम में शामिल हैं। इस दौरान कुल 76 छात्रों को पीएचडी की डिग्री दी गई। अनेक विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 26 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किया गया। इनमें से 21 मैडल मेरिट के आधार पर दिए गए। एमपी में पढ़ाई जाएगी दूसरे राज्यों की भाषा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मध्य प्रदेश में हायर एजुकेशन की उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटिलाइजेशन किया जाएगा। कॉपी जांचने के दौरान गड़बड़ी रोकने की कोशिश गई है। महाराष्ट्र और दक्षिण में भाषा विवाद के बीच मध्य प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अन्य राज्यों की भाषा भी पढाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटिलाइजेशन किया जाएगा। कॉपियों की स्क्रीनिंग कर जांचने वाले के पास जाएगी। मूल कापियों को विश्वविद्यालय में ही रखा जाएगा। कॉपियों जांचने के दौरान कोई गड़बड़ी नही होगी। शंका होने पर डिजिटल कॉपी स्टूडेंट्स को दी जाएगी। ताकि किसी तरह की गड़बड़ी की आशंका न रहे। पूरी पारदर्शिता के साथ कॉपियो का मूल्यांकन होगा। एक विश्वविद्यालय एक या दो भारतीय भाषा को अपने यहां चलाएंगे। इसके लिये क्रेडिट भी दिया जाएगा। शिक्षाविद तैयार कर रहे हैं पैटर्न उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि नए शिक्षण व्यवस्था में टीम क्रेडिट का सिस्टम है। राज्य के बाहर की भाषा जो स्टूडेंट्स सीखना चाहेगा उसे अतिरिक्त क्रेडिट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के बच्चा जब तमिलनाडु में जाए तो उनसे संवाद कर सके, व्यवसाय के लिए कहीं जाए तो कनाडा में बात कर सके, केरल में मलयालम से बात कर सके, आंध्र में तेलुगु में बात कर सके, महाराष्ट्र जाए तो मराठी में बात कर सके। ऐसे सभी राज्यों की भाषाओं को शामिल किया जाएगा। मध्य प्रदेश ऐसा राज्य होगा कि सभी भाषाओं को हिंदी भाषा के साथ हम सम्मान दे रहे हैं। शिक्षाविद यह पैटर्न तैयार कर रहे हैं अगले सत्र से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटारसी

क्र./लोक कर्म शाखा/2025/1290 इटारसी, दिनांक 8/9/2025

### ई निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| कं | टेंडर पोर्टल कं | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_449862_1 | काली मिटटी/पीली मिटटी (शेरा) मुरम, कोपरा आदि सामान सप्लाई कार्य। | 7,00,000/- | 2,000/- 7000/- | 23.09.2025 17.30 |
| 2 | 2025_UAD_449863_1 | सीआरएम मटेरियल/स्टोन डस्ट एवं 06 एमएम/10 एमएम/20 एमएम/40 एमएम | 18,00,000/- | 2000/- 13500/- | 09.10.2025 17.30 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https:\\www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, इटारसी**


स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। *संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक